

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,रविवार 2 अप्रैल 2023 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष -12 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-004 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 3 अप्रैल 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## पहाड़ी कोरवा परिवार ने की सामूहिक आत्महत्या

**जशपुर,2 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले में पहाड़ी कोरवा परिवार ने फांसी लगाकर सामूहिक आत्महत्या कर ली है। पति-पत्नी और 2 बच्चों समेत 4 लोगों की लाश फांसी पर लटकी हुई मिली है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दे दी है। बगीचा थाना क्षेत्र के सम्हार बहार बस्ती की घटना बताई जा रही है। बगीचा थाना पुलिस के मुताबिक, ग्रामीणों से मिली सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। फिलहाल आत्महत्या की वजहों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर सभी लाशों को फंदे से उतार लिया है। मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए रवाना किया जाएगा। पुलिस आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। बता दें कि पहाड़ी कोरवा एक संरक्षित जनजाति है, जिन्हें राष्ट्रपति ने गोद लिया है।मृतकों के नाम राजू राम (35 वर्ष), भिन्सारिन बाई (22 वर्ष), देवंती (3 वर्ष), देवन साय (1 वर्ष) है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें भी नहीं पता कि कब पूरे परिवार ने सुसाइड कर लिया। उन्होंने बताया कि आत्महत्या की वजह का पता उन्हें नहीं है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

» 2 बच्चों को फांसी पर लटकाकर पति-पत्नी भी झूल गए

» पहाड़ी कोरवा संरक्षित जनजाति, राष्ट्रपति ने गोद लिया है

छत्तीसगढ़ की संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा प्रदेश के उत्तर-पूर्व और उत्तर में स्थित जिलों में पाई जाती है। यह जनजाति सरगुजा, बलरामपुर और जशपुर जिलों के घने जंगलों में रहती है। छत्तीसगढ़ में कुल 42 जनजातियां पाई जाती हैं। जिनमें से 7 को राज्य सरकार ने विशेष पिछड़ी जनजाति घोषित किया है। इन्हीं जनजातियों में से एक पहाड़ी कोरवा जनजाति भी है।

## मुख्यमंत्री तो मैं आज भी बनना चाहता हूं: सिंहदेव

**रायपुर 2 अप्रैल।** बेशक चुनाव को अब कुछ ही समय बचे है ऐसे में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने मीडिया के सामने एक बार फिर अपनी मुख्यमंत्री बनने की चाहत का इजहार किया है। सिंहदेव ने मीडिया के सवाल के जवाब में एक बार फिर कहा है कि, मैं आज भी मुख्यमंत्री बनना चाहता हूं और कल भी सीएम बनना चाहता था। हालांकि उन्होंने कहा कि इसका फैसला हाई कमान को करना है। टीएस सिंहदेव ने कहा कि- मैं मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनना चाहूंगा? मुझे लगता है कि मुझमें सीमित ही सही पर क्षमताएं हैं। मुझे लगता है मैं लोगों के संपर्क में हूं। मुझे लगता है मैं भी छत्तीसगढ़ के लिए काम कर सकता हूं। ऐसे में अगर मुझे मौका मिलता तो मैं क्यों नहीं मुख्यमंत्री बनना चाहूंगा।

2018 में जब छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव हुए थे टीएस सिंहदेव, मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे। टीएस सिंहदेव



घोषणा पत्र निर्माण समिति के भी प्रमुख थे। राज्य में कांग्रेस की जीत के बाद सीएम पद पर फैसला राहुल गांधी ने लिया था। इस दौरान कहा गया था कि ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले पर सहमति बनी है। हालांकि बाद में टीएस सिंहदेव को सीएम नहीं बनाया गया था। कई मौके पर टीएस सिंहदेव की नाराजगी भी सामने आ चुकी है। टीएस सिंहदेव ने कहा कि मैं कल भी मुख्यमंत्री बनना चाहता था और आज भी सीएम बनना चाहता हूं। टीएस सिंहदेव ने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी में हूं पार्टी मुझे जो जिम्मेदारी देगी मैं उसे पूरा करूंगा। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री, विधायक, जिला अध्यक्ष बनाती है तो मैं जब तक कांग्रेस में हूं हाई कमान जो कहेगा मैं वो काम करूंगा। टीएस सिंहदेव की छवि राज्य में एक अच्छे नेता के तौर पर है। टीएस सिंहदेव किसी भी नेता पर व्यक्तिगत हमला नहीं करते हैं। बिलासपुर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बीजेपी संगठन के काम करने की तारीफ की थी। टीएस बाबा ने कहा था कि बीजेपी अगर अकेले हो तो उसे कमजोर माना जा सकता है लेकिन जब आरएसएस और बीजेपी एक साथ हैं तो इनके संगठन को कमजोर नहीं समझना चाहिए। इसका संगठन काफी मजबूत है। टीएस सिंहदेव अपनी चाहत और आगे की रणनीति को लेकर पिछले कुछ महीनों से काफी मुखर हैं। हाल ही में टीएस सिंहदेव ने कहा था कि अब राजनीति बहुत बदल गई है। मैं इस बार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहता हूं। सिंहदेव कहा था कि जिस तरह से मैं 2018 के विधानसभा चुनाव की तैयारी पहले से शुरू कर दी थी लेकिन इस बार अभी तक मैंने तैयारी शुरू नहीं की है।

## संक्षेप



### पूर्व क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का निधन

**मुंबई,2 अप्रैल।** क्रिकेट जगत में अपनी बल्लेबाजी से गेंदबाजों में खौफ पैदा करने वाले महान बल्लेबाज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का निधन हो गया। उन्होंने 88 साल की उम्र में अपनी अंतिम सांस ली। सलीम दुर्रानी अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और लंबे-लंबे छक्के के काफी मशहूर थे। बल्लेबाजी के साथ-साथ वे गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते थे। निधन पर पीएम मोदी समेत तमाम हस्तियों ने श्रद्धांजलि दी है। पीएम मोदी ने लिखा - सलीम दुरानी जी क्रिकेट के दिग्गज थे, अपने आप में एक संस्था थे। उन्होंने क्रिकेट की दुनिया में भारत के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### कार खड़े डंपर से टकराई इंजीनियर की मौत

**रायपुर,2 अप्रैल।** राजधानी से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रही है, यहाँ जोरा इलाके में तेज रफ्तार एक्यूवी कार ने सड़क पर खड़े डंपर को जोरदार ठोकर मार दी, हादसे में एक इंजीनियर की मौके पर मौत हो गई है, वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का हैं। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कार सवार जगन्नाथ टोप्पो की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, मृतक अडानी ग्रुप के डोलनार कोरबा प्रोजेक्ट में सिविल इंजीनियर के पद पर पदस्थ था। घायलों में आदित्य मिश्रा, महिमा सिंह और स्नेहा सिंह घायल हुए है। जिनका निजी अस्पताल में इलाज जारी है।


### दुकान में मिस्त्री की जली हुई लाश मिली

**जशपुर,2 अप्रैल।** खबर जिले के पत्थलगांव से आ रही है।यहां के रायगढ़ रोड स्थित एक टायर दुकान के भीतर टायर दुकान में काम करने वाले मिस्त्री की जली हुई लाश मिली है।मृतक का नाम मोहम्मद इकरार(30) बताया जा रहा है जो बिहार के औरंगाबाद जिले का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक मृतक 31 मार्च को दुकान के भीतर ही सो गया और दुकान में आग लग गई और वह उसी आग में झुलस कर दम तोड दिया।

खाश बात यह कि इस घटना की किसी को हवा तक नहीं लगी।रविवार सुबह कुछ लोगो की नजर टायर दुकान पर पड़ी और जब उन्हें कुछ जलने की महक आई तो लोगो को शक हुआ ।

## ईडी की सर्वाधिक छापेमारी छग में : भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री को लिखा पत्र



**रायपुर,2 अप्रैल। ■ तरुण छत्तीसगढ़**

अब तक सबसे ज्यादा ईडी का छापा केवल छत्तीसगढ़ में पड़ा है. कांग्रेस महाअधिवेशन के बाद से अब तक 50 से अधिक छापे पड़ चुके हैं. ईडी को जो अधिकार मिला है, उसका दुरुपयोग हो रहा है. भ्रष्टाचार के खिलाफ हम जाएंगे, और उसकी जांच होनी चाहिए. यह बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में पड़ रहे ईडी के छापे को लेकर कही. दुर्ग जिले के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मीडिया से चर्चा की. केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार से चर्चा किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ हम है, जाँच होनी चाहिए इसका समर्थन करते हैं. कितना पैसा जब्त किए, इसको बताना चाहिए. मार-मार के कुछ भी लिखवा रहे हैं. इस मामले में मैंने गृह मंत्री को पत्र लिखा है.

आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल को स्मरण पत्र लिखा है. नियुक्ति और एडमिशन में परेशानी हो रही है. राज्यपाल को इस बारे में जल्दी फ़ैसला लेना चाहिए. बेरोजगारी भत्ता को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा बेरोज़गारी भत्ता को लेकर एक बार फिर परेशान है. 15 साल में सिर्फ़ सौ करोड़ भत्ता दिया गया था. भाजपा के समय में सिर्फ़ ग़रीबी रेखा के नीचे देते थे, पर हमने ऐसी कोई शर्त नहीं रखी है. भाजपा के समय की प्रक्रिया बहुत जटिल थी, पर हमारी प्रक्रिया बहुत सरल है. एक ही दिन में 6 हज़ार आवेदन आ चुके हैं.

## जनता जानती है कि यह चुनावी वर्ष है : मरकाम

**रायपुर,2 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के दौरे को लेकर पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेताओं ने इतने समय से अलग-अलग जिलों का दौरा नहीं किया. जनता सब जानती है, ये चुनावी वर्ष है. मरकाम के बयान पर भाजपा प्रवक्ता ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस वादाखिलाफी का काम कर रही है. संगठन के अध्यक्ष का यही दायित्व होता है, इस काम में प्रदेश अध्यक्ष लगे हुए है.



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने बीजेपी की आज होने वाली प्रेस वार्ता को लेकर कहा कि कांग्रेस आमजनता के लिए काम कर रही. बीजेपी को कोई मुद्दा नहीं दिखता. चुनावी वर्ष है इसलिए वे इस तरह के मुद्दे उठा रहे हैं. वहीं पार्टी कार्यकर्ताओं को टिकट दिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हर कार्यकर्ता को टिकट मांगने का अधिकार है. टिकट उन्हीं को दिया जाएगा, जो जीतने लायक होगा. इसके लिए सर्वे करवाया जा रहा है. कुमारी सैलजा की बैठक को लेकर मोहन मरकाम ने कहा कि निगम-मंडलों के अध्यक्षों के साथ आज बैठक है. चुनावी वर्ष में संगठन, सरकार को मजबूती देने का प्रयास किया जा रहा. 2023 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी. 2024 में लोकसभा चुनाव में जीत पर कांग्रेस का फोकस होगा. प्रदेश अध्यक्ष बदलाव को लेकर हो रही चर्चा पर मरकाम ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बदलना हाईकमान पर निर्भर है. अपने 4 साल के कार्यकाल में संगठन को मजबूती प्रदान करने का प्रयास किया. ये मीडिया की उपज है.मोहन मरकाम के बयान पर बीजेपी प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने पलटवार करते हुए कहा कि यदि उन्हें मुद्दे दिखाई नहीं दे रहे तो वे गहरी निद्रा में है. मरकाम ने कुछ दिन पहले अपने ही सरकार के समक्ष विधानसभा में मुद्दा रखा था. कोई ऐसा वर्ग नहीं, जिसे कांग्रेस सरकार ने छला नहीं. मुद्दे की बात करनी है तो मोहन मरकाम जयस्तंभ चौक पर आए 121 बातें करेंगे. अरुण साव के दौरे को लेकर मरकाम के बयान पर संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस वादाखिलाफी का काम कर रही है. संगठन के अध्यक्ष का यही दायित्व होता है. इस काम में प्रदेश अध्यक्ष लगे हुए हैं. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बंगले पर बैठकर कुर्सी बचाने में लगे हैं.

## जोगी कांग्रेस नहीं लड़ेगी विधानसभा चुनाव!

**रायपुर,2 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में 7 महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में जोगी कांग्रेस भाग नहीं लेगी! पार्टी सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पत्नी व पार्टी की एकमात्र विधायक रेणु जोगी का स्वास्थ्य खराब है। पार्टी की बागडोर संभाल रहे रेणु जोगी के पुत्र अमित जोगी ने सोशल मीडिया में कुछ ऐसा ही संकेत दिया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अमित जोगी ने लिखा कि लोग पूछते हैं, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को मात्र 7 माह बचे हैं, जनता कांग्रेस कुछ नहीं कर रही। राजनीति जीवन से कभी बड़ी नहीं हो सकती। मेरे पापा स्वर्गीय अजीत जोगी को खोने के बाद, मेरे लिए मेरी मां का स्वास्थ्य सत्ता से कहीं ज्यादा सर्वोपरि है। जब तक वह पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो जाती मैं उनके साथ साए की तरह रहूंगा। मेरा दुर्भाग्य है कि पापा के आखिरी क्षणों में मैं उनके साथ नहीं रह पाया। इस गलती को मैं मम्मी के साथ नहीं दोहरा सकता इसलिए मेरा प्रथम उद्देश्य मां का स्वस्थ होना है। बाकी राजनीति करने के लिए उम्र पड़ी है।

## फंदे में लटकी मिली 2 लाशें

**कोरबा,2 अप्रैल।** कोरबा जिले के दो अलग-अलग जगहों पर 2 युवकों की लटकी हुई लाश मिली है. लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है. सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस पहुंची. जहां से शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है. दोनों मामलों में हत्या और आत्महत्या की आशंका है.

मड़वारानी रेलवे स्टेशन परिसर में एक युवक की फांसी पर लटकती हुई लाश मिली है. मृतक का नाम प्रदीप कंवर उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी उरगा थाना क्षेत्र, खरहरी गांव बताया जा है. घटना की सूचना पर चांपा जीआरपी मौके पर पहुंची. पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है. वहीं मृतक के परिजनों ने मौत का कारण अज्ञात बताया है. मृतक के पिता अजय सिंह कंवर ने बताया कि मृतक प्रदीप इकलौता पुत्र था और एक बेटी है, जो अभी पढ़ाई कर रही है. प्रदीप अपने मामा के गांव पताड़ी में रहता था. 12वीं पास करने के बाद रोजी मजदूरी का काम करता था. कल दोपहर हो अपने नानी के साथ पताड़ी गांव आया हुआ था.मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत चिमनी भट्ठा बस्ती में एक युवक की लाश घने झाड़ियों के बीच मिली. मृतक के गले और अहाते के दूसरे छोर में झाड़ियों से गमछा बंधा है. जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है. पुलिस मृतक का शिनाख्त करने में जुटी हुई है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे. पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया, तो कोई संदिग्ध सामान हाथ नहीं लगा. मृतक के गले में गमछे का एक छोर बंधा था तो दूर छोर झाड़ियों से बंधा था. पुलिस मृतक का शिनाख्त करने आसपास के लोगों से पहचान कराने की कोशिश पूछताछ की, लेकिन बस्ती वासियों ने मृतक को पहचानने से इंकार कर दिया.

## कूनो नेशनल पार्क से चीता भागा

**भोपाल,2 अप्रैल।** मध्य प्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क से बड़ी खबर सामने आ रही हैं। नामीबिया से लाए गए चीतों में से एक नर चीता ओबान भाग गया है। देर रात से ओमान कूनो नेशनल पार्क से लापता है। वन विभाग की टीम ओबान को ढूंढने में जुटी हुई है। इसकी सूचना लगने के बाद अफसरों के हाथ पांव फूल गए हैं। आसपास के गाँवों में भी इसे लेकर हड़कंप हैं। जानकारी के मुताबिक शनिवार और रविवार की रात नर चीता ओबान पार्क से भाग गया है. ओमान की आखिरी लोकेशन बड़ौदा गांव मिली है. ओमान के गले पर कॉलर आईडी लगी हुई है, जिससे उसकी जानकारी मिल पाई है. कूनो नेशनल पार्क प्रबंधन की बड़ी लापरवाही भी उजागर हुई है. अब वन विभाग की टीम ओबान को ढूंढने में लग गई है।


## हाइवा की चपेट में आने से शिक्षिका की मौत

**बालोद,2 अप्रैल।** जिले से हादसे की दुःखद खबर सामने आ रही है, यहाँ ग्राम भरदा में दर्दनाक सड़क हादसे में एक शिक्षिका की मौत हो गई तो वहीं दूसरी शिक्षिका गंभीर रूप से घायल है, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुर विकासखंड के गाँव चंदनबिरही स्कूल में पदस्थ दोनों शिक्षिका बोर्ड पेपर जांचने बालोद आ रही थी, इसी दरमियान गुरुर थाना क्षेत्र बालोद-गुरुर राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम भरदा के पास हाईवा ट्रक की शिकार हो गई। इस घटना मे शिक्षिका नीता बघेल ने मौके पर दम तोड़ दिया, वहीं शिक्षिका मीनू साहू गंभीर रूप से घायल है, जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद गुरुर पुलिस मौके पर पहुंच पूरे मामले की जांच कार्रवाई में जुट गई है।







## एक नजर

### दिव्या कलिहारी होगी दुर्ग जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष

**उतई 2 अप्रैल।** दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा की अनुशंसा पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव व प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति एवं जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल की स्वीकृति से भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर दिव्या कलिहारी (साहू) को नियुक्त किया है। दिव्या कलिहारी साहू समाज की प्रतिष्ठित सामाजिक नेता है, दिव्या कलिहारी दुर्ग जिला साहू संघ की महिला प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका रह चुकी है तथा वर्तमान में दुर्ग जिला साहू संघ की जिला उपाध्यक्ष है। श्रीमती कलिहारी पाटन ब्लाक के ग्राम चुनकट्टा की निवासी है। नियुक्ति पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि जिले में 50 प्रतिशत महिलाओं की आबादी के बीच भारतीय जनता पार्टी के कार्यों को गति प्रदान करने एवं महिलाओं के बीच पार्टी का आधार मजबूत करने की दृष्टि से श्रीमती दिव्या कलिहारी (साहू) को महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति प्रदान की गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी को निर्देशित किया है कि महिला मोर्चा की दुर्ग जिला कार्यकारिणी की जल्द ही घोषणा करें साथ ही दुर्ग जिला संगठन के सभी 13 मंडलों में शीघ्रातिशीघ्र महिला मोर्चा की टीम का गठन करे।

### सीएम के भेंट-मुलाकात में सवाल पूछने से पहले भाजपाइयों को पुलिस ने घर से किया गिरफ्तार

**उतई 2 अप्रैल।** सीएम भूपेश बघेल के दौरे का विरोध करते भाजपाई हुए गिरफ्तार।भेंट मुलाकात कार्यक्रम में पहुंचने से पहले सीएम भूपेश बघेल को काले झंडे दिखाने की कोशिश कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी भी हुई। सीएम भूपेश के चौपाल पहुंचने से पहले भाजपा कार्यकर्ता भ्रष्टाचार, बेरोजगारी,और तानाशाही,लूट,चोरी,मर्डर,शराब बंदी,प्रधानमंत्री आवास पर रोक,जुआ,सट्टा,रेत माफिया, दुर्ग जनपद क्षेत्र में भाजपा समर्पित सरपंचों पर धारा 40 के तहत कार्यवाही किया जा रहा हैं,जल जीवन मिशन के तहत ग्राम खोपली में बन रहे पानी टंकी निर्माण पर रोक लगाया हैं। एवं विभिन्न आरोप लगाकर काले झंडे दिखाने से पहले से ही पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी हुई, जिसके बाद सभी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसमें प्रमुख मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,महामंत्री सोनू राजपूत,भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष फलेंद्र सिंह राजपूत,अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री इमरान खान सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

### शक्ति केंद्र स्तरीय बैठक 4 अप्रैल को

**उतई 2 अप्रैल।** पाटन विधानसभा के दक्षिण पाटन मंडल के सभी 9 सक्ती केंद्रो के प्रभारी,संयोजक,सहसंयोजक, विस्तारको एवं बूथ अध्यक्ष के साथ पाटन विधानसभा प्रभारी श्री सच्चिदानंद उपासने जी एवं दक्षिण मंडल प्रभारी श्री रोहित साहू जी व सहप्रभारी श्री राजेश चंद्राकर जी उपस्थित रहेंगे एवं विभिन्न विषयों पर संगठनात्मक चर्चा करेंगे। दिनांक 04/04/23, मंगलवार 1. गाड़ाडीह शक्ति केंद्र समय दोपहर 12बजे 2. जामगांव आर शक्ति केंद्र समय दोपहर 1बजे 3. भरर शक्ति केंद्र समय दोपहर 2.00 बजे 4. करेला शक्ति केंद्र समय दोपहर 3.00बजे 5. सुरपा शक्ति केंद्र समय दोपहर 4.00 बजे दिनांक 05/04/23, बुधवार- 1. कौहि शक्ति केंद्र समय दोपहर 12.00बजे 2.रानितरई शक्ति केंद्र समय दोपहर 1.00बजे 3.बेलहारी शक्ति केंद्र समय दोपहर 2.00 बजे 4.बटरेल शक्ति केंद्र समय दोपहर 3.00 बजे।

### छात्रा लापता, रिपोर्ट दर्ज

**भिलाई 2 अप्रैल।** खुर्सीपार थाना अंतर्गत जोन-2 खुर्सीपार निवासी 15 वर्षीय 10वीं की छात्रा लापता हो गई है परिजनों ने बहला फुसलाकर ले जाने की आशंका जताते हुए थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है किशोरी के पिता धर्मपाल प्रजापति ( 42 वर्ष ) ने पुलिस को बताया कि 30 मार्च की सुबह 6.30 बजे काम पर चला गया शाम करीब 7.30 बजे काम से वापस घर आया उस दौरान पत्नी ने बताया कि बड़ी बेटी आरती ऊर्फ प्राची सुबह 10 बजे स्कूल जाने की बोलकर निकली उस दौरान उसने कहा कि स्कूल के बाद राम नवमी की रैली देखने के बाद घर आरमी उसके जाने के बाद बेटे ने स्कूल की छुट्टी होने की जानकारी दी इस पर स्कूल में साथ पढ़ने वाली सहेलियों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा इस पर थाने में शिकायत दर्ज करा दी।

### दादाबाड़ी से सुबह 5.30 बजे शुरू होगी दौड़,महावीर जंयीत पर जीतो का आयोजन

**रायपुर 2 अप्रैल।** आज जहां बात-बात पर हिंसा हो रही है, वहीं जैन समाज ने दुनियाभर में अहिंसा की अलख जगाने का पुनीत प्रयास किया है। इसके लिए जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) ने भगवान महावीर की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दौड़ का आयोजन किया है। इसमें रायपुर समेत देश के 65 शहरों के साथ विश्वभर के 22 देशों के लोग हिस्सा लेंगे। रायपुर में यह दौड़ एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी से सुबह 5.30 बजे शुरू होगी। जीतो चैप्टर के चेयरमैन अशोक पटवा ने बताया कि अहिंसा रैली में पूरे विश्व से लगभग 4 लाख प्रतिभागी एक उद्देश्य के लिए एक साथ दौड़ लगाएंगे।

# सेक्टर-9 हॉस्पिटल परिसर में भिलाई इस्पात संयंत्र ने रोका अवैध डोम शेड निर्माण कार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं रिसर्च सेन्टर परिसर में एक स्थान जो कि मानव सेवा परिसर सेक्टर 09, के समीप स्थित है को छत्तीसगढ़ के पर्यावरण विभाग द्वारा एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट और जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय हेतु विद्युत सब स्टेशन के लिए संरक्षित किया गया है। विद्युत आपूर्ति की आपात परिस्थितियों को संभालने हेतु प्रस्तावित सब-स्टेशन का निर्माण इस चिन्हित भूमि में किया जाना आवश्यक है। परन्तु पिछले कुछ दिनों से कुछ लोगों के द्वारा सेक्टर 09 अस्पताल परिसर में एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट और विद्युत सब स्टेशन के लिए इस चिन्हित भूमि पर अवैध रूप से डोम शेड के निर्माण की लगातार कोशिश की जा रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र में काम करने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों का सभी धर्मो में आस्था है वर्तमान में सेक्टर 09 के हनुमान मंदिर में पिछले कई वर्षो में पूजा- अर्चना निर्बंधित रूप से जारी है। श्री हनुमान जयंती के अवसर पर भण्डारा का भी आयोजन किया जाता है जिसमे सभी सामाजिक वर्गो की सहभागिता रहती है। वर्तमान में कतिपय लोगों द्वारा जिन डोम भेट निर्माण की बात की जा रही है जिसके लिए बी.एस.पी. प्रबंधन द्वारा शिव मंदिर के पास की जगह पर अनापति प्रमाण पत्र दिया जा चुका है। परन्तु निगम द्वारा बी. एस. पी. चिकित्सालय के लिए तय बिजली सब स्टेशन के स्थान पर जबरिया डोम का निर्माण किया जा रहा है जिसका भिलाई की जनता द्वारा पुरजोर विरोध किया आ रहा है। बी.एस.पी. के संपदा न्यायालय द्वारा कमिश्नर को भेजे गए आदेश में तत्काल कार्य रोकने तथा इन्फोर्समेंट विभाग को परिसर को सील करने कहा गया है। इस मामले को बी. इस. पी. द्वारा एस.डी.एम. भिलाई, निगम कमिश्नर एवं पुलिस प्रशासन को लिखित रूप से सूचित किया गया तथा निर्माण कार्य को रोकने का अनुरोध किया गया था। भिलाई नगर निगम द्वारा भंडारे में आने वाले लोगों के बैठने के लिए डोम शेड बनाने के लिए एनओसी मांगी गई थी। बी एस पी प्रबंधन की ओर से शिव मंदिर के समीप तालाब के पास अस्थाई डोम शेड बनाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है। एनओसी में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि नगर निगम निगम और बीएसपी टीएसडी टीमों के संयुक्त निरीक्षण से साइट स्थापित की जाएगी और उसके बाद ही निर्माण कार्य शुरू होगा। लेकिन देखने में आ रहा है कि जिस जगह पर शेड बनाने का प्रयास हो रहा है वहां कुछ अज्ञात तत्वों द्वारा अवैध डोम निर्माण को रोकने के बजाय और तेजी से डोम सेड का निर्माण का कार्य किया जाने लगा। उक्त स्थान पर अधिकारी एसोसिएशन एवं संयुक्त ट्रेड युनियनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे । अस्पताल परिसर में हो अवैध निर्माण का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे थे। इसी बीच कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा मानव सेवा परिसर मे पहुच कर अवैध कब्जा स्थल पर वाद-विवाद हुआ एवं माहोल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। भिलाई टाउनशिप का वातावरण हमेशा से ही सौहार्दपूर्ण रहा है। जिसे कुछ लोगों द्वारा दूषित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिनका वहां उपस्थित जनता ने पुरजोर विरोध किया। घटनास्थल पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में अधिकारी संघ एवं संयुक्त ट्रेड यूनियनों के 200 से भी ज्यादा संयुक्त गठबंधन के सदस्य भी उपस्थित थे।

हवन पूजन....



जामुल। दुर्गा मंदिर में हवन पूजन करते हुए पूर्व नपाध्यक्ष रेखराम बंछोर सुपुत्र डोमेंद्र बंछोर एकता बंछोर मेघनाथ साहू कामिन साहू प्रशांत गुप्ता जगदीश देवांगन जीवन साहू खेमिन साहू पंडित संजय शर्मा ओमप्रकाश साहू प्रभात यादव एवं सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

### बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदनों के सत्यापन के लिए जिले में बनाए गए 50 कलस्टर

**धमतरी, 2 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा विधानसभा के बजट सत्र में की गई घोषणा के अनुसार राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को आज से 2500 रूपए प्रतिमाह के मान से बेरोजगारी भत्ता देने की योजना है, जिसका आज प्रदेश सहित जिले में भी शुभारंभ हुआ। कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार जिले में कुल 50 कलस्टर स्थापित किए गए हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 31 और नगरीय निकायों में 19 क्लस्टर सम्मिलित हैं। इसके लिए राज्य शासन द्वारा पोर्टल तैयार किया गया है।

### बीएसपी के स्वास्थ्य शिविर में किया गया निशुल्क इलाज

**भिलाई, 2 अप्रैल।** सेल - भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आदर्श इस्पात ग्राम पीपरछेड़ी में विगत शुक्रवार 31 मार्च 2023 को सफलतापूर्वक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर) विभाग द्वारा लगातार अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन किया जाता है जो सामाजिक ,पर्यावरण,खेल ,स्वास्थ्य,शिक्षा को लेकर किया जाता है इसी कड़ी में ग्राम पीपरछेड़ी में स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ जिसमें 22 मरीजों को जांच करके उनको उचित सलाह और दवाई वितरण किया गया। ग्रामवासियों ने इस आयोजन की प्रशंसा की और भिलाई इस्पात संयंत्र का धन्यवाद दिया। इस आयोजन में मुख्य रूप से डॉ. श्रीमती एन मिंज, फार्मासिस्ट खरे, ब्लड व बी पी परीक्षण के लिए श्रीमती रेखा देव, पंजीयन शम्भू मेडिकल से एवं विभाग की और से सोनी उपस्थित रहे।




### महिलाओं ने टार्च रैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश

**रिसाली 2 अप्रैल।** शहर को सुंदर और कचरा मुक्त करने महिलाओं के लिए कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर विशेष कार्यशाला निगम सभागार में रखा गया था। जिसमें स्व सहायता समूह की 50 से भी अधिक महिलाएं शामिल हुई। बाद में महापौर शशि सिन्हा की उपस्थिति में मोबाइल टॉर्च रैली निकालकर शहर भ्रमण की । रैली दिन ढलने के बाद निकाली गई। महिलाएं शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दे रही थी। हाथों में मोबाइल टोर्च की दुधिया रोशनी की तरह स्वच्छ रखने का संदेश दी। रैली में महिला एवं बाल विकास प्रभारी ईश्वरी साहू विशेष रूप से शामिल हुई। इसके पहले महिलाओं को जिला समन्वयक आकाश मिश्रा, विजय कश्यप व सिटी मिशन प्रबंधक आईरा आनंद ने घरों से निकलने वाले गिला और सूखा कचरा को किस तरह से व्यवस्थित तरीके से रखें इसके बारे में जानकारी दी गई।

#### जागरूक बने रैकिंग के लिए दे ध्यान

कार्यशाला में शहर में प्लास्टिक प्रतिबंध होने की जानकारी दी गई। स्व सहायता समूह की महिलाओं को बताया गया कि वे जागरूक हो। शहर स्वच्छता के लिहाज से किस पायदान पर है उसकी जानकारी ले। महिलाओं को जानकारी होने से न केवल वह अच्छे से प्रचार कर सकती है, बल्कि आसपास के क्षेत्र की सुंदरता बढ़ा सकती है।



#### जीरो वेस्ट इवेंट की दी जानकारी

महिलाओं को कार्यशाला में जीरो वेस्ट इवेंट के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि घरों में उत्सव का कार्यक्रम होने पर किसी तरह के डिस्पोजल सामानों का उपयोग ना करें। स्वल्पाहार भी स्टील बर्तनों में दें।

### श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल डायरेक्टर आदित्य चंद्रवंशी ने ट्राफी देकर किया सम्मान

**कवर्धा 2 अप्रैल।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल की छात्रा कनक मिश्रा क्लास सेवन ( बी ) में 93. 54 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया । कनक मिश्रा ने बताया की मेरा सपना कलेक्टर बनना है । डायरेक्टर आदित्य चंद्रवंशी ने ट्राफी देकर और प्राचार्य एम शारदा मैडम ने मेडल देकर बेस्ट रिजल्ट लाने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया । कनक मिश्रा ने बताया की श्री रामकृष्ण स्कूल के टीचर्स बहुत अच्छे है ।



### गुजरात पुलिस की टीम दुर्ग जिले में 15 दिन प्रशिक्षण के लिए आई



**भिलाई 2 अप्रैल।** एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत एक दूसरे राज्य के कल्चर और पुलिसिंग के तरीके को समझने गुजरात पुलिस की टीम दुर्ग जिले में 15 दिन प्रशिक्षण के लिए आई है। इसी क्रम में शनिवार को आईयूसीएडब्ल्यू महिला थाना एवं रक्षा टीम से गुजरात पुलिस मिलने आई गुजरात पुलिस को महिला थाना विजिट कराया गया एवं काउंसलर मैडम से मिलाया वहां के काउंसलिंग करते दिखाया गया यहां कैसे कार्य किया जाता है गुजरात की पुलिस टीम ने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की तारीख की एएसपी मीता पवार ने गुजरात पुलिस को आईयूसीडब्ल्यू के बारे में उनकी कार्यशैली के बारे में बताया गया। महिला संबंधी अपराधों के बारे में बताया गया डायल 112 के बारे में बताया गया एवं यहां की रक्षा टीम कैसे कार्य करती है यह बताया गया गुजरात पुलिस से वहां के कार्यों के बारे में पूछा गया महिलाओं के लिए वहां कैसी व्यवस्था है अपराध की प्रवृति के बारे में जानकारी ली गई डीएसपी शिल्पा साहू ने गुजरात पुलिस का स्वागत गुजराती भाषा में किया। दुर्ग जिला के महिला पुलिस टीम के कार्य शैली के बारे में बताया गया %वह नक्सल क्षेत्रों में कैसे कार्य किया जाता है। उसमें अभी कितने बदलाव हो गए हैं। यह बताया गया। गुजरात पुलिस को पीपीटी के माध्यम से यहां की कार्यशैली को समझाया गया एवं स्कूल कॉलेज में गली मोहल्लों में जागरूकता प्रोग्राम किया जाता है एवं उनको अपनी सुरक्षा कैसे कर सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग की बैठक में कई अहम मुद्दों पर की गई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 2 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ .प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग की अहम बैठक राजीव गांधी भवन रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष के अगवाई में अहम बैठक हुआ बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के बाद आगामी रणनीति पर प्रस्ताव पारित हुआ।




शनिवार को राजीव भवन रायपुर में प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर चौलेश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में राष्ट्रीय महामंत्री पिछड़ा वर्ग,छत्तीसगढ़ प्रभारी पिछड़ा वर्ग कांग्रेस सुबोध मण्डल राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कृष्ण कुमार यादव एव पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा विधायक धनेंद साहू विधायक बालोद संगीता सिन्हा,विधायक पंडरिया ममता चंद्राकर,सीमा वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एव पदाधिकारियों के उपस्थिति में डरो मत लड़ो ओबीसी की एक हितैषी कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई बैठक जिला कवर्धा से कुण्डा क्षेत्र से प्रदेश सचिव कांग्रेस पिछड़ा वर्ग सूरज यादव,हेमंत सिंगरौल, ब्लॉक महांत्री कांग्रेस कुण्डा लक्ष्मण यादव ब्लॉक अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस रामायण वैष्णव डॉ.साहू शामिल हुए ।

### 40 रुपए की दर पर च्वॉइस सेंटरों के माध्यम से युवा करा सकेंगे बेरोजगारी भत्ता का पंजीयन

**दुर्ग 2 अप्रैल।** जिले में बेरोजगारी भत्ता को लेकर आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाईन माध्यम से शुरू हो गई है। जिले के युवा ऑफिशियल साईट में जाकर ऑनलाईन आवेदन कर रहें है। पहले दिन संध्या तक स्थिति में अधिकारी पुष्टि के अनुसार 298 युवाओं ने अपना ऑनलाइन पंजीयन करा लिया है। जिला प्रशासन भी बेरोजगारी भत्ता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर सक्रिय है । इस दिशा में कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश में योजना बद्ध तरीके से पंजीकरण को लेकर रणनीति का निर्माण किया गया है। जिसमें जिले सभी च्वाईस सेंटर में युवाओं को मात्र 40 रूपए की दर पर ऑनलाईन पंजीकरण की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। जिसमें ऑनलाईल पंजीयन की दर 30 रूपए, स्केनिंग दर 5 रूपए व प्रिंटिग दर 5 रूपए निर्धारित की गई है।

# सेल-बीएसपी ने वित्त वर्ष 2022-23 में उत्पादन के क्षेत्र में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में उत्पादन के नए रिकॉर्ड दर्ज कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। जिसमें फिनिश्ड स्टील, सेलेबल स्टील तथा डिस्पैच में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों ने भी इस वित्त वर्ष में उत्पादन के नए वार्षिक कीर्तिमान स्थापित करने में सफल हुए। इनमें शामिल हैं सिंटर प्लांट-3, ब्लास्ट फर्नेस-8 एसएमएस-3 प्लेट मिल तथा बीआरएम ओएचपी ने नये रिकॉर्ड बनाये।

**सिंटर प्लांट-3 ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन :** संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 ने अप्रैल 2022 से मार्च, 2023 अवधि में 5.432 मिलियन टन सिंटर उत्पादन कर वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड 5.265 मिलियन टन सिटर को ध्वस्त किया। इसी क्रम में दोनों सिटर प्लाट्स ने मिलकर वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में कुल 8.033 मिलियन टन सिटर उत्पादन करते हुए वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए 7?893 मिलियन टन सिटर उत्पादन रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान रचा है।

**ब्लास्ट फर्नेस-8 ने किया रिकॉर्ड उत्पादन :** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, ब्लास्ट फर्नेस-8 ने वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में 2.543 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन कर पिछले वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड 2?474 मिलियन टन हॉट मेटल को पछाड़ कर नया कीर्तिमान रचा है।



**एसएमएस-3 ने बनाया बेस्ट अप्रैल से मार्च का रिकॉर्ड सेल :** भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, एसएमएस-3 ने अप्रैल 2022 से मार्च, 2023 अवधि में 3.056 मिलियन टन कास्ट स्टील प्रोडक्शन कर पिछले वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज 2?726 मिलियन टन कास्ट स्टील प्रोडक्शन के अपने ही रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

**बार एवं रॉड मिल ने भी किया श्रेष्ठ प्रदर्शन :** संयंत्र की अन्य मॉडेक्स इकाई बार एंड रॉड मिल ने भी अप्रैल, 2022 से मार्च, 2021 अवधि में 8.383 लाख टन उत्पादन कर नया रिकॉर्ड दर्ज किया बीआरएम ने यह रिकॉर्ड पिछले वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में उत्पादित 7?187 मिलियन टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए बनाया है।

**फिनिश्ड स्टील प्रोडक्शन में भी कीर्तिमान :** सेल-भिलाई इस्पात सयंत्र के सभी फिनिशिंग मिलो ने मिलकर वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में कुल 4.434 मिलयन टन फिनिश्ड स्टील प्रोडक्शन कर वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए 3?784 मिलियन टन फिनिश्ड स्टील प्रोडक्शन के अपने सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड को पार कर नया कीर्तिमान दर्ज किया है। सेलेबल स्टील उत्पादन में श्रेष्ठ प्रदर्शन सेल-बीएसपी ने वित्त वर्ष 2022-23 के अप्रैल से मार्च अवधि में 4.829 मिलियन टन सेलेबल स्टील प्रोडक्शन कर वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज 4?666 मिलियन टन कुल सेलेबल स्टील प्रोडक्शन के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया है।

**डिस्पैच में किया श्रेष्ठ प्रदर्शन:** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने मिलकर वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में 4.78 मिलियन टन डायरेक्ट डिस्पैच कर वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए 4?706 टन सेलेबल स्टील की लोडिंग के पिछले रिकॉर्ड को पार कर नया कीर्तिमान दर्ज किया है।

**टीम यूआरएम में किया श्रेष्ठ प्रदर्शन :** टीम यूआरएम( यूनिवरसल रेल मिल) और सभी संबद्ध विभागों ने वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में 7.94 लाख टन उत्पादन कर वर्ष 2020-21 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए 6?293 टन ( प्राइम रेल ) के आंकड़े लोडिंग को पार कर नया कीर्तिमान दर्ज किया है। जिसमें रोलिंग ङ्क 109105 (922352 टन), फ़िनिश्ड - 848745 (वर्ष 2020-21-700482), प्राइम ङ्क 794190,एसीसी - 93.5त्न, रेक डिस्पैच्ड - 835 हैं।

**एल आर (लॉन्ग रेल ) में बनाया कीर्तिमान :** इसके अलावा एल आर (लॉन्ग रेल ) डिस्पैच टू आई आर (इंडियन रेल्वे) और सभी संबद्ध विभागों ने वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में 1000 रेक्स (9.39 लाख टन) उत्पादन कर वर्ष 2020-21 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए 785 रेक्स और 736019 टन के आंकड़े लोडिंग को पार कर नया कीर्तिमान दर्ज किया है।

**हॉट मेटल प्रोडक्शन मे भी रचे कीर्तिमान :** सेल-भिलाई इस्पात सयंत्र के हॉट मेटल प्रॉडक्शन ने वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में 5.42 मिलियन टन उत्पादन कर वर्ष 2021-22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए 5.29 मिलियन टन के आंकड़े लोडिंग को पार कर नया कीर्तिमान दर्ज किया है।

**क्रूड स्टील प्रॉडक्शन में भी कीर्तिमान :** सेल-भिलाई इस्पात सयंत्र के एस एम एस 2 एवं एस एम एस 3 ने मिलकर वित्त वर्ष 2022-23 के माह अप्रैल से मार्च अवधि में 5.18 मिलियन टन उत्पादन कर वर्ष 2021 -22 के अप्रैल से मार्च अवधि में दर्ज किए 4.88 मिलियन टन के आंकड़े लोडिंग को पार कर नया कीर्तिमान दर्ज किया है।

**बिजली उत्पादन में भी बनाए नए रिकॉर्ड :** भिलाई इस्पात संयंत्र में 2022-23 में 57.3 मेगावाट के अब तक के सबसे अधिक वार्षिक बिजली उत्पादन कर नया रिकॉर्ड बनाया है।

### सेल ने वित्त वर्ष 2022-23 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ वार्षिक उत्पादन हासिल किया

**भिलाई, 2 अप्रैल।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) – इस्पात मंत्रालय के तहत एक महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई, ने 31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान अब तक का सर्वोत्तम वार्षिक उत्पादन हासिल किया है। इस अवधि के दौरान कंपनी ने 194.09 लाख टन हॉट मेटल और 182.89 लाख टन कच्चे इस्पात का उत्पादन दर्ज किया है जो पिछले सर्वश्रेष्ठ की तुलना में क्रमश- 3.6त्न और 5.3त्न की वृद्धि थी। कंपनी लगातार अपने उत्पादन में वृद्धि करने के साथ-साथ मूल्य वर्धित और विशेष इस्पात उत्पादन पर ध्यान दे रही है।

## एक नजर

### महावीर जयंती पर 4 अप्रैल को मटन मार्केट बंद रहेगा

**राजनांदगांव 2 अप्रैल।** राज्य शासन के निर्देशानुसार महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 4 अप्रैल दिन मंगलवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को आपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

### एक्सिस बैंक ने जेब आकार की स्वाइप मशीन लॉन्च की

**रायपुर 2 अप्रैल।** भारत के तीसरे सबसे बड़े निजी बैंक, एक्सिस बैंक ने तकनीकी समाधान भागीदारों, रेजरपे के ईजीटैप और मायपिनपैड के साथ मिलकर भारतीय बाजार में डिजिटल भुगतान स्वीकार करने के लिए विशिष्ट पिन ऑन मोबाइल समाधान लॉन्च किया है। माइक्रोपे एक अभूतपूर्व पिन ऑन मोबाइलसमाधान है जो मर्चेंट के स्मार्टफोन को पॉइंट-ऑफ-सेल (पीओएस) टर्मिनल में परिवर्तित करता है, जिससे डिजिटल भुगतान आसान हो जाता है और यह एक अनूठा ग्राहक अनुभव प्रदान करता है। यह भारत भर के व्यवसायों, विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 शहरों में खुदरा और किराना दुकानों के लिए के लिए एक वास्तविक गेम-चेंजर होगा, जो सीमित कार्यशील पूंजी पर काम करते हैं और लागत प्रभावी भुगतान समाधान पसंद करेंगे।

### रेलवे स्टेशन मंदिर परिसर में 6 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव

**रायपुर 2 अप्रैल।** सर्वधर्म संकट मोचन मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकुमार राठी संरक्षक



कमलेश तिवारी एवं महामंत्री अजय साहू ने बताया कि समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 6 अप्रैल को हनुमान जन्मउत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें प्रातः भगवान का अभिषेक कर श्रृंगार किया जाएगा एवं दोपहर 12:00 बजे महाआरती की जाएगी तत्पश्चात 1 बजे से प्रसादी वितरण प्रारंभ होगा जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक ,रायपुर महापौर,सभापति, व्यापारिक संगठनों के अध्यक्ष-पदाधिकारी सहित सभी राजनीतिक दल के नेता,कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। श्री राठी ने बताया कि कार्यक्रम में 8 से 10 हज़ार हनुमान भक्तों के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई है जिसमें रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्री भी हनुमान जी के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण करेंगे। श्री राठी ने बताया कि मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा के साथ लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की गई है एवं रेलवे स्टेशन आने जाने वाले यात्रियों को परेशानी ना हो इसके लिए पार्किंग की विशेष व्यवस्था कर समिति बनाई गई है।श्री राठी ने बताया कि कार्यक्रम की विशालता को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन से विशेष सहयोग प्रदान करने की भी मांग की गई है।

### अखिल भारतीय वैश्य सम्मेलन ,छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला इकाई का हुआ गठन





**रायपुर 2 अप्रैल।** अखिल भारतीय वैश्य सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश सांगी एवं राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल मोर की सहमति से प्रदेश महामंत्री राजकुमार राठी द्वारा संगठन की प्रदेश महिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई जो निम्नानुसार हैत्र संरक्षक- ममता साहू ,कौशल्या गुप्ता, कांता सिंघानिया, अध्यक्ष- अनीता खण्डेलवाल, कार्यकारी अध्यक्ष- कविता राठी, महामंत्री- सरिता रेखानी, मंत्री- आंचल अग्रवाल, बॉबी जैन, मधु पोद्दार, सुमन गुप्ता , संगठन मंत्री- रिकी अग्रवाल , सह संगठन मंत्री- संध्या साहू, कोषाध्यक्ष- मीना अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष- संध्या गुप्ता, उपाध्यक्ष- हेमलता बंसल, संगीता जैन, नीलम सिंह, स्नेहा डागा, चंद्र। अग्रवाल, भगवती अग्रवाल, शशि बागड़ी, मीडिया प्रभारी- सविता गुप्ता, संस्कृति कार्यक्रम प्रभारी- शीतल डागा, सह प्रभारी- रमा बागड़ी, प्रकल्प प्रमुख- सविता राठौर, कार्यकारिणी सदस्य- त्रिवेणी अग्रवाल, राज श्रीं गुप्ता, मीना अग्रवाल,मधु जैन, श्री राठी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर संगठन द्वारा किए जा रहे सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने एवं वैश्य एकता को मजबूत करने में छत्तीसगढ़ महिला संगठन द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी।

### अंवरी में हुआ क्रांति सेना का आगमन



**अंवरी 2 अप्रैल।** ग्राम अंवरी छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना का आगमन हुआ जिसमें सभी पेन स्थलों में सेवा अर्जी करते हुए बूढ़ादेव निर्माण के लिए कांसा दान किया गया जिसमें ग्राम अंवरी के आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के ईस्ट देव बूढ़ादेव से लेकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के मूर्ति तक यात्रा कर पूजा पाठ करके कांसा दान किया गया।



रायपुर 2 अप्रैल। सहयोग एक कोशिश संस्था द्वारा विगत 25 वर्षों से अनवरत माता जतमयी में नवरात्र के अवसर पर भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति एवं संस्था के सभी कार्यकत्ताओं ने बढ़-चढ़ कर सहयोग दिया।

### राहुल की सदस्यता रद्द करना लोकतंत्र को विकलांग करने जैसा कदम

**रायपुर 2 अप्रैल।** गत दिनों भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व वायनाड से लोकसभा सदस्य श्री राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता निरस्त किये जाने की तीव्र निन्दा करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस विकलांग



सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि यह भारत के लोकतंत्र को विकलांग करने जैसा कदम है । प्रदेश कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने भारतीय जनता पार्टी से सवाल किया कि राहुल गांधी जी की आड़ में भारतीय जनता पार्टी भ्रष्ट नीरव मोदी व ललित मोदी के पीछे क्यों खड़ी दिख रही है । राहुल गांधी जी ने स्पष्ट रूप से बैंक घोटालों में लिप्त मोदी द्वय को भ्रष्टाचारी निरूपित किया था , भारतीय जनता पार्टी द्वारा इसमें पिछड़े वर्ग को घसीटा जाना सम्पूर्ण पिछड़े वर्ग का अपमान है । जिस परिवार ने अपने खून व शहादत से लोकतंत्र की जड़ों को सींचा है उस परिवार के राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता रद्द करने जैसे कुत्सित षड़यंत्र से डराया या चुप नही किया जा सकता है ।

## विद्यामंदिर क्लॉसेस का नेशनल एडमिशन टेस्ट 9 अप्रैल को

■ क्लास 5 से लेकर 11वीं तक के बच्चों के लिए टेस्ट

**रायपुर 2 अप्रैल।** देश का लीडिंग इंस्टीट्यूट और जेईई व नीट एग्जाम की तैयारी का हब विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) अपना फ्लैगशिप टेस्ट कराने के लिए तैयार है. एडमिशन और स्कॉलरशिप के लिए वीएमसी का नेशनल एडमिशन टेस्ट (ह्वञ्ज) इसी महीने 9 अप्रैल को कराया जाएगा. ये टेस्ट ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों मोड में होगा. इस टेस्ट का मकसद मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप देना और उन्हें बेहतर स्टडी के लिए तैयार करना है. ये टेस्ट उन बच्चों के लिए बूस्टर होता है जो जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं या करना चाहते हैं. ऐसे बच्चों को मेंटरशिप मिलती है, डाउट क्लीयर होते हैं, मोटिवेशनल सेशन होते हैं. वीएमसी के फाउंडर्स समेत टॉप फैकल्टी बच्चों के साथ इंटरैक्ट करती है, फ्री मॉक टेस्ट कराए जाते हैं, स्कूल और बोर्ड एग्जाम की प्रैक्टिस कराई जाती है. अभी जो बच्चे क्लास 5, 6, 7, 8, 9, 10 और 11 में पढ़ रहे हैं उनके पास इस टेस्ट में शामिल होने का चांस है. ये टेस्ट बच्चों के लिए विद्यामंदिर क्लासेज में खुद को एनरॉल कराने का एक बेहतर रास्ता है. नेशनल एडमिशन टेस्ट बच्चों को न सिर्फ 100 परसेंट स्कॉलरशिप पाने का मौका देता है बल्कि फ्री प्रैक्टिस टेस्ट, मॉक बोर्ड टेस्ट का भी मौका देता है. बच्चों को उनकी मौजूदा क्लास के लिए ई-स्टडी मटेरियल मिलता है. गर्ल स्टूडेंट और स्कूल टीचर्स के बच्चों को ट्यूशन फीस में 10 परसेंट की एक्स्ट्रा छूट दी जाती है. विद्यामंदिर क्लासेज के चीफ अकेडमिक ऑफिसर (सीएओ) सौरभ कुमार ने कहा, ''विद्यामंदिर क्लासेज का सबसे पहला मकसद बच्चों के अंदर साइंटिफिक और टेक्निकल नॉलेज का मजबूत फाउंडेशन तैयार करना है ताकि वो बेहतर इंजीनियर और डॉक्टर बन सकें. नेशनल एडमिशन टेस्ट का उद्देश्य शुरुआती स्टेज में ही बच्चों को इस लायक बनाना है कि वो आने वाली डिफिकल्टी को आसानी से क्रैक कर सकें. हमारे कोर्स में छात्रों को फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायो के बेसिक कंसेप्ट क्लियर कराए जाते हैं और उनके अंदर एनालिटिकल स्किल्स व समानांतर थिंकिंग प्रोसेस डवलप किया जाता है और उन्हें मुश्किल से मुश्किल प्रॉब्लम्स को क्रिएटिविटी के साथ सॉल्व करने के लिए सक्षम बनाया जाता है.'' क्लास 5,6,7 और 8 के छात्रों को नेशनल एडमिशन टेस्ट के अर्ली स्टार्ट एडवांटेज से लाभ होगा और मजबूत फंडामेंटल विकसित करने में मदद मिलेगी जो उन्हें द्बढ्ढञ्ज-छ्वश्व (मेन एंड एडवांस), ह्वश्वश्वञ्ज, ह्वञ्जस्श्व, इंस्पायर -केवीपीवाई और ओलंपियाड समेत अन्य प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में बढ़त दिलाएगा. यहां छात्रों को स्कूल और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है, टॉप स्टाफ बेहतर टीचिंग टेक्निक के साथ बच्चों को भविष्य संवारते हैं.विद्यामंदिर क्लासेस के सीबीओ अभिषेक शर्मा ने कहा, *''वीएमसी की टीचिंग का सबसे बड़ा फॉर्मूला ये है कि यहां अलग-अलग स्टेज के हिसाब से बच्चों की जरूरत के अकॉर्डिंग टीचिंग मेथोडोलॉजी अपनाई जाती है. अलग-अलग राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय एग्जाम्स में हमारे यहां के बच्चों की कामयाबी के पीछे भी ये एक बड़ा कारण है. वीएमसी बहुत ही एक्सपीरियंस टीचर्स के साथ बच्चों की प्रिपरेशन कराता है. जेईई और नीट जैसे एग्जाम की तैयारी का कम से कम 10 साल एक्सपीरियंस रखने वाली फैकल्टी वीएमसी में बच्चों को पढ़ाती है.''जो छात्र आगे चलकर जेईई और नीट का एग्जाम पास कर देश के टॉप इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेज में एडमिशन पाना चाहते हैं उनके लिए वीएमसी का ये नेशनल एडमिशन टेस्ट बेहद अहम है. वीएमसी के फाउंडर्स समेत टॉप फैकल्टी इन क्लासेज और सेमिनार में हिस्सा लेंगे।

### व्यापारियों की सुविधा के लिए लगाये जायेंगे नियमितीकरण शिविरः पारवानी



**रायपुर 2 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 18-03-2023 को चेंबर में नियमितीकरण को लेकर कार्यशाला रखी गई थी इसी परिपेक्ष्य में आज छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, युवा चेंबर, डूमरतराई व्यापारी संघ, द थोक कपडा व्यापारी संघ लि. पंडरी, सिंधु भवन शंकरनगर एवं रायपुर नगर पालिक निगम के संयुक्त तत्वाधान में नियमितीकरण को लेकर शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न व्यापारिक संगठन, व्यापारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## सूखे तालाब, प्यास से बुरा हाल है क्षेत्र के मवेशियों का

■ पक्का चेकडेम निर्माण से जलसंचयन के साथ सिंचाई की मिल सकती है सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खैरागढ़ 2 अप्रैल।** नवगठित जिले खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के खैरागढ़ ब्लॉक के मैदानी इलाकों में गर्मी के सीजन में निस्तारी की समस्या हर साल उत्पन्न हो जाती है जिसके कारण देश के आजादी के 75वे साल बीत जाने के बाद भी ग्रामीणों को निस्तार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है इंसान तो जैसे तैसे अपना निस्तार कर लेते हैं लेकिन मवेशियों के लिए गर्मी में बहुत ही परेशानी होती है जिससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में शासन के उदासीन रवैये के चलते आमजनता के साथ मवेशियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बता दें कि खैरागढ़ ब्लॉक के जालबांधा तहसील क्षेत्र में जनवरी माह के बाद से ही जलस्तर कम होने लगता है जिसके कारण ज्यादातर हैण्डपम्प से पानी नही आता जिसके चलते ग्रामीणों को निस्तारी में बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है वही गाँव मे जिनके निजी बोर में वाटर लेवल ठीक रहता है वे आसपास के तालाब में पानी भरान नही करते जिसके कारण तालाब सूखने लगते हैं साथ ही गाँव के जनप्रतिनिधि भी गाँव मे जलस्तर को बढाने के लिए आमजन से सहयोग नही लेते जिससे कि तालाबो को गर्मी में निस्तार के लिए भरान किया जाए इनके बीच आमजनता को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ता है शासन स्तर से यह पहल भी नही किया जा रहा है कि गाँव के किसानों को यह बात की जानकारी देना चाहिए कि गाँव के तालाब में गर्मी के सीजन में पानी भरान आवश्यक है जिसके कारण निस्तारी में सहूलियत होगी साथ ही मवेशियों के लिए भी यह वरदान साबित हो सकता है।साथ ही प्रशासन को नरवा को चिन्हांकित करते हुए पक्का चेकडेम निर्माण कराना चाहिए जिससे बरशात का पानी इकट्ठा हो सके साथ ही गर्मी के लिए डेड वाटर इकट्ठा रहे जिससे वाटर लेवल बना रहेगा साथ ही आमजनता के साथ मवेशियों को पानी नसीब हो सके अब देखना होगा कि प्रशासन के तरफ से पक्का चेकडेम निर्माण के लिए क्या पहल किया जाता है या फिर ग्रामीण क्षेत्रों में नरवा एवं तालाबो को सूखे की ओर छोड़ दिया जाता है।

## सहायक शिक्षक विदाई समारोह शामिल हुई रोशनी वैष्णव

**राजनांदगांव 2 अप्रैल।** समीपस्थल ग्राम पंचायत ढोडिया आश्रित ग्राम भोडिया में सहायक शिक्षक भुवन लाल पटेल के सेवानिवृत्त हो पर शाला परिवार ग्राम पंचायत ढोडिया एवं भोडिया ग्रामवासियों द्वारा आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य अध्यक्षता दिल्लू साहु सरपंच विशेष अतिथि कुबेर साहु शिक्षक हुकुम बारसागढे पूर्व सरपंच ढोडिया उर्मिला साहु उपसरपंच लोकेश गंगवीर सरपंच धामनसरा पुनू राम पटेल पूर्व सरपंच धामनसरा इन्द्र कुमार साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोडिया के अतिथि में मां सरस्वती पुजा अर्चना



कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य ने अपने उद्बोधन में सम्माननीय भुवन लाल पटेल सहायक शिक्षक के सभी ग्राम वासियों याद दिलाते हुए कहा 27 वर्ष 4माह 10दिन से भोडिया में अपने सेवा दिया पटेल सरल स्वभाव व्यक्ति धनी मृदुभाषी पटेल जी आपके दो पीढ़ी को पढ़ाया है शिक्षक मानव जीवन के दर्पण के समान है शिक्षक सभी छात्र छात्राओं को एक माला रुपी जोड़ कर शिक्षा देते हैं शिक्षक बिना भेदभाव सभी ज्ञान देते हैं शिक्षक बातों को ही अनुसरण हमें उन्नति एवं प्रगाति प्राप्त होती है पटेल जी शिक्षा के साथ खेल सांस्कृतिक कार्यक्रम अन्य गतिविधियों में शामिल होने बच्चों प्रेरित करती थी आज विदाई समारोह में शासकीय सेवा सेवानिवृत्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं तथा उज्वल भविष्य दीर्घ आयु कामना करती हूं गांव लोग प्रतीक चिन्ह शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया पटेल के किया और डी जे के साथ गांव हर घर घर तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया अध्यक्ष इन्द्र कुमार एवं सरपंच नेतृत्व में बड़ी जनसंख्या में राजनांदगांव घर तक पहुंचाया कार्यक्रम लिखन साहु शेखू साहु मंगलू साहु केजू साहू पंच कामिन यादव मंजु साहु नागेश्वर राम साहु राजेश उइके राजेश साहू भूषण उइके अशोक साहू गिरवर साहू नोहर यादव सुंदर निषाद रमेश साहू शिव नेताम केजू साहू उपस्थित रहा।

### निगम का अब तक का सबसे कमजोर बजटः किशुन



**राजनांदगांव 2 अप्रैल।** नगर पालिक निगम राजनांदगांव में भाजपा पार्षद दल के नेता व नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने वर्ष 2023-24 के लिए पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे निगम का अब तक का सबसे कमजोर और दूरदर्शिता के अभाव वाली योजनाओं से भरा पड़ा करार दिया है। उन्होंने कहा कि ङ्क निगम में सत्ता पक्ष अपने बजट पर चर्चा से घबरा रहा था इसलिए उनके सदस्यों ने बेवजह के मुद्दों पर बहस शुरु कर सदन का समय जाया किया। सभा में भाजपा पार्षद दल के सदस्यों के सवालों का भी महापौर जवाब नहीं दे सकीं। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि ङ्क बजट में शामिल घोषणाओं में से कई तो राज्य सरकार की योजनाओं का हिस्सा हैं जिसका श्रेय लेने की कोशिश महापौर कर रही हैं। यूपा के जरीए महिलाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। सबसे पहला सवाल यह है कि क्या इसके लिए राजनांदगांव शहर के महिला समूह को अधिकृत किया जाएगा या ये भी दुर्ग के किसी समूह की आड़ में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगा।

### डिलिस्टिंग को लेकर लता उसेंडी ने नगरी में की बैठक

**नगरी 2 अप्रैल।** भाजपा सरकार की पूर्व मंत्री लता उसेंडी का नगरी



आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी से स्वागत किया तत्पश्चात उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, जनजाति सुरक्षा मंच एवं जनजाति गौरव समाज के लोगों से चर्चा करते हुए कहा मतांतरण के कारण हमारा समाज उपेक्षित महसूस कर रहा है। मतांतरण सभी समाज के लिए संकट है। डीलिस्टिंग के माध्यम से धर्मांतरण किये लोगों को शासन की जो सुविधा है शासन के संविधानिक अधिकार है उसका लाभ नहीं मिलना चाहिए। जनजाति समाज के धर्मांतरित व्यक्तियों को जनजाति समाज से पृथक किया जाय। आए दिन लोग मतांतरण कर रहे हैं जिससे वर्ग संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो रही है। हमारी संस्कृति विलुप्त हो रही है जिसे बचाने की आवश्यकता है, कानून बनाने की आवश्यकता है उन्होंने केंद्र सरकार से कानून में प्रावधान कर धर्मांतरण करने वालों को आरक्षण के साथ-साथ अन्य संवैधानिक अधिकार का लाभ न मिले ऐसा कानून बनाया जाए । आगामी 16 अप्रैल को रायपुर में एक बहुत बड़ी सभा का आयोजन किया गया है। धमतरी जिले व नगरी सिहावा क्षेत्र से अधिक से अधिक जनजाति समाज के लोग रायपुर के कार्यक्रम में उपस्थित हो। इस अवसर पर नगरी सिहावा के पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह एवं श्रवण मरकाम ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि धर्मांतरण से सांस्कृतिक दिक्कत उत्पन्न हो रही है यह सभी समाज के लिए संकट की बात है समाज के विकास के लिए हम सब डिलिस्टिंग मुद्दे पर काम करने के लिए तैयार हैं।

### केंद्रीय सहकारी बैंक की कृषि ऋण के लिए हर साल दस्तावेजों की मांग से किसान परेशानःरामायण सिन्हा

**नगरी/मगरलोड 2 अप्रैल।** किसान संघर्ष संघ दक्षिण मगरलोड जिला धमतरी के वनांचल सिंगपुर क्षेत्र के अध्यक्ष रामायण सिन्हा ने



विज्ञप्ति जारी कर शासन प्रशासन से मांग की है की किसानों के हितों के लिए बनाए गए केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा हर साल किसानों को खेती के लिए ऋण देने उन दस्तावेजों की मांग की जाती है जिसे की किसान पूर्व में ही उपलब्ध करा चुके होते हैं और जो बैंक की अभिलेख में भी उपलब्ध रहता है।इस वर्ष भी ऋण देने की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही पुनः इन दस्तावेजों की मांग किए जाने से केंद्रीय सहकारी बैंक रायपुर के अधीन आने वाले समितियों के माध्यम से ऋण लेने वाले किसान परेशान व हलाकान हैं। सिन्हा जी ने बताया की समितियों द्वारा किसानों को कृषि कार्य हेतु हर वर्ष अल्पकालीन ऋण उपलब्ध कराया जाता है बीते वर्ष भी किसानों ने अल्पकालीन ऋण लिए हैं। पूर्व में ऋण ले चुके सदस्य किसानों के द्वारा अपना फोटो,बैंक के पासबुक,आधार कार्ड,परिचय पत्र, व पेन कार्ड की छाया प्रति ,ऋण पुस्तिका फोटो कापी के साथ उपलब्ध कराया जा चुका है जिसके आधार पर ऋण स्वीकृत कर संबंधित किसानों को ऋण दिया जा चुका है।

## योगेश्वरानंद नेताम बने भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष

**रायपुर 2 अप्रैल।** दिल्ली में कोर कमेटी की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से योगेश्वरानंद नेताम योगी को भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक का प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी मिली। इसके अलावा राजस्थान राज्य के प्रदेशाध्यक्ष शैतान सिंह व युवा भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस प्रेम सिंह मीणा युवा प्रदेशाध्यक्ष की भी जिम्मेदारी मिली। उन्होंने कहा जो जिम्मेदारी मिली उसे निष्ठापूर्वक निभाऊंगा। साथ ही छत्तीसगढ़ में नई कार्यकारिणी का गठन जल्द करेंगे। ज्ञात हो कि वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस को तात्कालिक प्रभाव से रद्द कर दिया गया था। मौसम खराब होने की वजह से योगी देर रात पहुंचे । स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल एयरपोर्ट रायपुर मे रात 11.30 बजे हुआ भव्य स्वागत। भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामीनाथ जायसवाल,



वरिष्ठ महासचिव हौशिला प्रसाद शर्मा, प्रमोद गांधी , शांतू करार, पासी, राजेश गढिया, 18 प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष शामिल हुए। इसी मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे के राजनीतिक सलाहकार गुरदीप सिंह सप्पल ने शामिल होकर भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए जल्द ही सभी पदाधिकारियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे से मुलाकात करने का अवसर प्रदान करने की बात कही।

### जोरातराई अ शिवपुराण कथा का आयोजन

**अंवरी 2 अप्रैल।** ग्राम जोरातराई अं मे श्री शिव महापुराण कथा दूसरा दिन कथावाचक बालयोगी संत श्री सर्वेश्वरानंद सरस्वती चित्रकूट धाम शिव का प्राक्टय के बारे मे विस्तार से बताया । उन्होंने कहा की शिवपुराण के अनुसार भगवान सदाशिव और पराशक्ति अम्बिका (पार्वती या सती नहीं) से ही भगवान शंकर की उत्पत्ति मानी गई है। उस अम्बिका को प्रकृति, सर्वेश्वरी, त्रिदेवजननी (ब्रह्मा, विष्णु और महेश की माता), नित्या और मूल कारण भी कहते हैं। सदाशिव द्वारा प्रकट की गई उस शक्ति की 8 भुजाएं हैं। पराशक्ति जगतजननी वह देवी नाना प्रकार की गतियों से संपन्न है और अनेक प्रकार के अस्त्र शक्ति धारण करती है।

### महापौर ने दिखाई हरी झंडी

## शहर को कचरामुक्त बनाने स्वच्छता दीदीयो ने निकाली मशाल रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 2 अप्रैल। भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देश पर राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ उत्सव के तहत देश एवं प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कडी में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने नेतृत्व में नगर निगम राजनांदगांव द्वारा कचरा मुक्त शहर बनाने स्वच्छता मित्र व स्वच्छता दीदीयों की कार्यशाला व स्वास्थ्य परीक्षण, जीरो वेस्ट इवेंट, नुक्कड नाटक, स्वच्छता शपथ, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नही करने समझाईस तथा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कचरा मुक्त शहर के लिये गत दिवस संध्या स्वच्छता दीदीयों ने मोबाईल एवं टार्च वेस्ड मसाल रैली निकाली, रैली का शुभारंभ महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित निगम अध्यक्ष श्री




हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण, पार्षदगण, नामांकित पार्षदगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि शासन द्वारा देश एवं प्रदेश भर में स्वच्छ उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। स्वच्छ उत्सव का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना, स्वच्छता से जोडना, कचरे का स्त्रोत में ही पृथककरण करने समझाईस देना, कचरा हरा गीला सूखा नीला में रखने समझाईस देना, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना, न गंदगी करूगा न किसी और को करने दूंगा इस प्रकार लोगों को स्वच्छता से जोडना है। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों की हमारे शहर को साफ सुथरा रखने में अग्रणी भूमिका होती है। आज के इस रैली का मुख्य उद्देश्य भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि आप लोगों के सहयोग के बिना हम पूर्ण रूप से शहर को स्वच्छ नहीं रख सकते, स्वच्छता में जन जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। मैं आज इस अवसर पर आप सभी से स्वच्छता में सहभागी बनने आव्हान करती हूॅ, तभी हम इस वर्ष के स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते है।

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि शासन का स्वच्छ उत्सव कार्यक्रम मुख्य उद्देश्य शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाना एंव स्वच्छता से लोगों को जोडना है। उन्होंने कहा कि जैसे सफाई में हमारे स्वस्थ्य कर्मियों, स्वच्छता दीदीयों की महती भूमिका तो होती है, लेकिन बिना जन सहभागिता से पूर्ण रूप से स्वच्छता संभव नहीं है। आप सब निष्ठापूर्वक कार्य करने के अलावा नागरिकों को भी स्वच्छता से जोडे, घर घर जाकर जागरूकता लावे। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष श्री धकेता एवं नेता प्रतिपक्ष श्री यदु ने भी नागरिकों स्वच्छता जागरूकता से जुडने अपील किये। स्वच्छता रैली में निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित स्वच्छता दीदीया उपस्थित थी।

बॉलीवुड स्टार सलमान खान की फिल्म मोस्ट अवेटेड फिल्म किसी का भाई किसी की जान का अच्छा खासा बज बना हुआ है। इस मूवी की चर्चा हर तरफ हो रही है। साथ ही भाईजान के फैंस मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते कुछ दिनों में इस फिल्म के कई गाने रिलीज हो चुके हैं जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया है। इस बीच सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान का नया गाना बथुकम्मा रिलीज हो गया है जो कि इंटरनेट की दुनिया में आग की तरह फैल रहा है।



# किसकी होगी जीत, किसकी होगी हार ?

एण्डटीवी के 'दूसरी माँ', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' के किरदार इस हफ्ते हालातों से जीतने की कोशिश करेंगे। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में बताते हुये यशोदा ने कहा, ÷कृष्णा (आयुध भानुशाली) से नाराज होने के कारण परिवार वाले खाना खाने से इनकार कर देते हैं। कामिनी (प्रीति सहाय) कृष्णा को चुनौती देती है कि या तो वह घरवालों को खाना खिलाये या घर छोड़कर चला जाये। कृष्णा अपनी चेन बेच देता है और घरवालों के लिये पिज्जा लेकर आता है। वह पड़ोसियों को भी बुलाता है, ताकि वो दादाजी (सुनील दत्त) और परिवार के दूसरे सदस्यों को खाना खाने के लिये दवाब डालें। बाद में, कामिनी और महुआ पड़ोसियों में यह बात फैला देती हैं कि यशोदा (नेहा जोशी) ने ऐलान किया है कि कृष्णा अशोक (मोहित डागा) का बेटा है। उनमें से एक पड़ोसी दादाजी के पास पहुँचकर पूछता है कि क्या वाकई वह खबर सच है। तनाव के कारण दादाजी को पैनिक अटैक आ जाता है। मालती (अनीता प्रधान) यशोदा से विनती करती है कि वह कृष्णा को वापस भेज दे। एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये राजेश ने कहा, ÷हप्पू (योगेश त्रिपाठी) की लालच और रिश्वतखोरी को लेकर खोदी लाल (शरद व्यास) अपनी नाखुशी जताता है। जब कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) हप्पू को इस बारे में बताती है, तो वह वादा करता है कि अब आगे ऐसा नहीं करेगा। एचसीआर (ऋतिक, चमची और रणबीर) अपनी परीक्षाओं के लिये चिट तैयार करते हैं। हप्पू स्कूल जाता है और उन्हें एक्सपोज कर देता है, जिससे वे परीक्षा में फेल हो जाते हैं। गब्बर हप्पू को बताता है कि उसके किरायेदार उसके खिलाफ केस करने की धमकी दे रहे हैं और हप्पू से मदद करने का अनुरोध करता है, लेकिन वह इनकार कर देता है। क्या हप्पू की ईमानदारी उसे मुसीबत में डाल देगी?÷ एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में बताते हुये, विभूति नारायण मिश्रा ने कहा, ÷ मॉडर्न कॉलोनी के निवासियों को जब पता चलता है कि सरकार मछुआरों और मछुआरिनों को जमीन दे रही है, तो इसका फायदा उठाने के लिये मोहल्ले के सभी लोग मछुआरे एवं मछुआरिन का वेश धरने का फैसला करते हैं। इस बीच नगर निगम का एक आदमी वहाँ आता है और उन्हें नियम एवं कायदों के बारे में बताता है। वह कहता है कि सरकारी योजना का लाभ उठाने के लिये उन्हें मछुआरा संघ के मुखिया मचलेन्द्र से एक मछलीकरण सर्टिफिकेट लेना होगा। इस सर्टिफिकेट के बिना किसी को भी जमीन नहीं मिलेगी। प्रेम (विश्वजीत सोनी) सभी लोगों को मचलेन्द्र के बारे में बताता है और यह भी कि कैसे माचुरी ने उसका दिल तोड़ा था। वे सभी लोग अनोखे लाल सक्सेना (सानंद वर्मा) को माचुरी बनाने का फैसला करते हैं।



## सोच ने लॉन्च किया अपना नया 'समर कलेक्शन

भारत के सबसे बड़े ऑकेज़न एण्डो ईवनिंग वियर ब्राण्ड् 'सोच' ने अपना नया स्प्रिंग समर कलेक्शिन 2023 लॉन्चक किया है। सोच का यह नया कलेक्शंन पारंपरिक भारतीय कला एवं शिल्पक की समृद्ध विरासत से प्रेरित है, जिसे देश के हर कोने में पाया जा सकता है। गुजरात के पेचीदा म्युकरल क्राफ्ट्स से लेकिर इकट की प्राचीन बुनाई की तकनीकों और डोर प्रंट में सजावटी कला की समृद्ध परंपरा तक, यह कलेक्शान उन पारंपरिक कला रूपों की विविधतापूर्ण श्रृंखला - कोलम, लिप्पिन आर्ट और इकट को सम्मापन देता है, जो सदियों से भारतीय संस्कूति का हिस्साद रहे हैं। कोलम एडिट'' रंगोली के रूप में सफेद चावल के चूर्ण से घर पर रोजाना उकेरी जाने वाली ज्याकमितीय आकृतियों से प्रेरित है। इस कलेक्शवन में पेचीदा ज्याजमितीय आकृतियाँ और कोलम की कला से प्रेरित एम्ब्रॉ इडरी हैं। 'म्युरस ऑफ मिरर्स'' कैप्सू ल गुजरात के कच्छ के पारंपरिक लिप्प न म्युमरल क्राफ्ट से प्रेरित है। इसके पेचीदा पैटर्न्सय हर कपड़े की गर्दन, बांह, बॉर्डर और रूपरेखाओं को उम्दा? बनाते हैं। आखिर में, इकट इम्प्रेशंस'' की साड़ियाँ पारंपरिक इकट बुनाई से प्रेरित हैं। इस कलेक्शकन में टाइ-डाइ और बुनाई की पेचीदा और काफी मेहनत मांगने वाली तकनीक से बने पैटर्न्स हैं। इसमें सम्भ लपुरी, पोचमपल्लीन और पटोला के सिंगल और डबल इकट प्रिंट्स शामिल हैं। सोच स्प्रिंग समर कलेक्शईन 2023 के रंग हल्केर, गर्मियों के लिये उपयुक्त हैं और उन पेस्ट ल कलर्स पर जोर देते हैं, जो इस मौसम के सार को संजोते हैं। इस कलेक्शोन में साड़ियाँ, सलवार सूट, कुर्ते, ट्यूनिक्सम, कुर्ता सेट्स, लहंगे, कफ्तान, आदि कई रंगों में उपलब्धक हैं और इसलिये यह किसी भी अवसर के लिये सबसे बढ़िया है। समर कलेक्श न में पारंपरिक छपाई, पेचीदा कारीगरी और लुभावने डिजाइन हैं। सहज रूपरेखाओं, खुशनुमा संरचनाओं और हल्के -फुल्के कपड़ों के साथ यह कलेक्शकन आपको गर्मियों में बाहर निकलकर अपनी चमक बिखेरने का मौका देने के लिये बेहतरीन तरीके से तैयार किया गया है।



## फिर से नजर आयेगी सिमसिम

'अलीबाबा-एक अंदाज अनदेखा ÷ चैप्टर 2' सोनी सब का एक फुल फैमिली एन्टरटेनर है, जिसमें अली (अभिषेक निगम) के रोमांचक सफर को दिखाया गया है। इस शो ने अपनी दिलचस्प कहानी और प्यारे किरदारों से दर्शकों का दिल जीता है। हाल ही में दर्शकों ने मरजीना (मानुल चुडासमा) को अली को बिना सिर वाली महिला के चुंगल से बचाने के लिये तलवार चलाते हुये देखा। अगले कुछ एपिसोड्स में सिमसिम (सायंतनी घोष) अपनी राख से फिनीक्स की तरह दोबारा उत्पन्न होती नजर आयेगी। अली द्वारा पिरामिड्स में कैद किये जाने के बाद, सिमसिम को अब तक किसी ने भी सिमसिम को देखा या सुना नहीं था। हालांकि, जब चोरों का सामना एक मेरिड से होता है, तो उन्हें पता चलता है कि सिमसिम को एक बोतल में कैद कर दिया गया है। मेरिड की मदद से सिमसिम को बोतल से आजाद किया जाता है और वह अली से बदला लेने की साजिश रचना शुरू कर देती है। सायंतनी घोष, जोकि सिमसिम का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ÷सिमसिम और अली हमेशा से ही एक दूसरे के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। एक-दूसरे को हराना और अपनी जीत का जश्न मनाना उनका अंतिम लक्ष्य है। मुझे लगता है कि हालांकि शो में सिमसिम और अली के एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन इसके बावजूद एक-दूसरे के बिना उनका कोई अस्तित्व नहीं है। सिमसिम के दूर बंद किये जाने के साथ, अली ने कोई बहुत बड़ी चुनौती का सामना नहीं किया है। लेकिन अब आखिरकार उसके रिहा होने के बाद, उन दोनों के रास्ते फिर से टकरायेंगे। दर्शकों के लिये यह देखना रोमांचक होगा कि अली और सिमसिम के दोबारा टकराने के बाद कहानी क्या मोड़ लेगी।



## टीवी कलाकार अपनी मनपसंद समर डाइट्स से दे रहे हैं गर्मी को मात



मार्च का महीना चल रहा है और भारत के ज्यादातर भागों में तेज गर्मी पड़ रही है। झुलसाने वाली गर्मी में अपना खान-पान तुरंत बदलना जरूरी होता है, ताकि शरीर ठंडा और स्वस्थ रहे। एण्डटीवी के कलाकार आरजे मोहित ('दूसरी माँ' के मनोज), कामना पाठक ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी) अपनी समर डाइट्स के बारे में बता रहे हैं। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' में मनोज की भूमिका निभा रहे आरजे मोहित ने कहा, ''गर्मियों में ठंडक देने वाली चीजें, जैसे कि आम पना मेरी डेली डाइट का हिस्सा बन चुका है। यह साइट्रस फ्रूट्स को खाने का वक्त होता है, जोकि विटामिन 'सी' और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। ये तेज गर्मी वाले मौसम में प्यास भी बुझाते हैं। शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं, क्योंकि उनमें ठंडक होती है और पाचन के लिये भी अच्छे हैं, क्योंकि वे मेटाबॉलिक सिस्टम को बेहतर बनाते हैं। अच्छी बात यह है कि इनसे मूड तुरंत बेहतरीन हो जाता है। मैं सभी को सलाह दूंगा कि फल की गर्मी निकालने के लिये उसे कुछ घंटों तक पानी में रखें, रस निकालें और उसे पीने से पहले रेफ्रिजरेटर में रखें। पूरी गर्मियों में यह जितना संभव हो, आपको सेहतमंद रखने के लिये बेहतरीन काम करता है।''

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश, यानि कामना पाठक ने कहा, ''मुझे गर्मियों के दौरान गन्ने का रस सबसे ज्यादा अच्छा लगता है। नींबू और पुदीना मिलाने से इसका स्वाद सबसे बढ़िया हो जाता है। इससे तुरंत एनर्जी मिलती है और पोषण के मामले में भी कई फायदे होते हैं। यह शरीर के तरल और प्लाज़्मा को बढ़ाता है और थकान तथा डिहाइड्रेशन से लड़ने में मदद करता है। यह सबसे सेहतमंद डीटॉक्स बेवरेजेस में से एक भी है। इसके अलावा मैं लंच में टमाटर और खीरा ककड़ी हमेशा लेती हूँ, क्योंकि ये बहुत पौष्टिक होते हैं। पानी की अच्छी मात्रा वाले फल और सब्जियाँ आपको हाइड्रेटेड और तरोताजा रखती हैं और गर्मी के साथ सेहतमंद तरीके से निपटने में मदद करती हैं।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी, यानि शुभांगी अत्रे ने बताया, ''गर्मियों में दही खाने का सही समय होता है। इसमें प्रोबायोटिक्स की अच्छी मात्रा होती है। पाचन के लिये चाट बेहतरीन है और इसमें जीरा जैसे मसाले फायदों को बढ़ा देते हैं। इसके अलावा मैं चाट मसाला के लिये ताजी अदरक, या सूखी अदरक का पाउडर और हरी मिर्च की जगह काली मिर्च पसंद करती हूँ। छाछ में पुदीना या धनिया की पत्ती डालने से इसके स्वाद में ताजगी आ जाती है। तेज धूप वाले गर्म दिन को मसाला छाछ की इस रेसिपी से ताजगी भरा बनाइये। इसके अलावा, गर्मियों के दौरान सुबह पहली बार पीने के पानी में सब्जा के बीज डालना मेरी आदत है। इससे शरीर को ठंडक मिलती है।''



## नेहा जोशी का सरप्राइज बर्थडे सेलीब्रेशन

एण्डटीवी के फैमिली ड्रामा 'दूसरी माँ' में यशोदा का किरदार निभा रहीं नेहा जोशी ने आज अपना जन्मदिन मनाया। उनका मानना है कि जन्मदिन लोगों से आशीर्वाद लेने का दिन होता है और वह अपने बर्थडे पर काम करना पसंद करती हैं। हालाँकि, उनकी ऑन-स्क्रीन फैमिली ने जयपुर में एक बर्थडे सेलीब्रेशन के साथ उन्हें सरप्राइज किया और उनके इस दिन को यादगार बना दिया। इस जश्न के बारे में बताते हुये नेहा जोशी ऊर्फ यशोदा ने कहा, ÷मुझे एकदम शांति के साथ बर्थडे मनाना पसंद है। मेरे लिये इस खास दिन को मनाने का सबसे अच्छा तरीका है शूटिंग करना क्योंकि मुझे यह ज्यादा अच्छा लगता है। इसके साथ ही, शाम को, मैं अपने परिवार वालों और करीबी दोस्तों के साथ घर पर या अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट में समय बिताना पसंद करती हूँ। लेकिन इस साल यह बेहद खास था, क्योंकि 'दूसरी माँ' के मेरे परिवार वालों ने इसे यादगार बनाने का फैसला किया। चूँकि, मैं जयपुर में शूटिंग कर रही हूँ, इसलिए अपने परिवार से दूर हूँ और अपने शूटिंग स्केजूल की वजह से, मुंबई नहीं जा पाई। टीम मेरे लिये एक खूबसूरत केक लेकर आई और केक काटने के बाद हमने कुछ स्वादिष्ट पकवानों का आनंद उठाया। इस शहर में खाने-पीने की बहुत सारी स्वादिष्ट चीजें मिलती है और यह कहना गलत नहीं होगा कि हमने लगभग सारे व्यंजनों को चखा (हँसती हैं)। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे इतनी शानदार यूनिट और को-स्टार्स मिले, जिनकी वजह से हमें कभी यह महसूस नहीं होता कि हम घर से दूर हैं।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷मेरा मानना है कि जन्मदिन आशीर्वाद लेने के लिये होता है। इस दिन अपने परिवार वालों, दोस्तों, सहकर्मियों और सबसे महत्वपूर्ण सोशल मीडिया के जरिये अपने दर्शकों के हजारों कॉल्स एवं मैसेज मिले, जिसने मेरे दिन को और भी खास बना दिया। उन लोगों का शुक्रिया अदा करने के लिये मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं, संदेशों, पोस्ट और कमेंट्स को पढ़ना मेरे लिये वाकई बहुत मायने रखता है। उनका इनता प्यार एवं लगाव मुझे हर दिन अपना बेस्ट देने के लिये प्रेरित करता है।



## एयरटेल और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने व्हाट्सएप्प बैंकिंग सेवा शुरू की

**नई दिल्ली।** भारत में अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल (एयरटेल) और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने आज आईपीपीबी ग्राहकों के लिए व्हाट्सएप बैंकिंग सेवा शुरू करने का ऐलान किया, जिससे वे अपने मोबाइल फोन के माध्यम से ज्यादा सुगमता से बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। इस नई व्यवस्था में व्हाट्सएप मैसेजिंग समाधान एयरटेल आईक्यू के माध्यम से ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा। ये आईक्यू यानि क्लाउड संचार प्लेटफॉर्म एक सेवा के रूप में काम करेगा, जो ब्रांड को अपने ग्राहकों के साथ आवाज, एसएमएस और व्हाट्सएप चैनलों से जुड़ने में सक्षम बनाता है। एयरटेल दुनिया की पहली टेलीकॉम कंपनी है जो व्हाट्सऐप के लिए बिजनेस सर्विस प्रोवाइडर (बीएसपी) के तौर पर काम करती है। एयरटेल आईपीपीबी ग्राहकों को व्हाट्सएप पर बैंक के साथ निर्बाध रूप से जुड़ने में सक्षम करेगा। इससे ग्राहक न केवल कई बैंकिंग सेवाओं का सहजता से लाभ उठा पाएंगे बल्कि द्वार पर सेवा अनुरोध के साथ साथ निकटतम डाकघर का पता लगाने जैसी तमाम सेवाओं का भी फायदा ले पाएंगे। भारत के नागरिकों को उनकी भाषा में डिजिटल और वित्तीय समावेशन लाने की सरकार की महत्वाकांक्षा के अनुरूप, एयरटेल - आईपीपीबी व्हाट्सएप बैंकिंग समाधान भी बहु-भाषा समर्थित समाधान देने की दिशा में प्रयासरत है और आगे काम कर रहे हैं।



## मनदीप 25 साल बाद दिलप्रीत के घर रहने गया

सोनी सब के शो 'दिल दियां गल्लां' में दिखाया गया है कि बरार परिवार की तीन पीढ़ियों के बीच बातचीत की कमी ने कैसे दूरियाँ पैदा की हैं। गलत बयां हुईं स्थितियों, आहत भावनाओं और अपने-अपने मतों के कारण टूटे इस परिवार की कहानी दर्शकों को अपने जैसी लगती है। आने वाले एपिसोड्स में हम देखेंगे कि पिता और बेटे की जोड़ी, यानि कि दिलप्रीत (पंकज बेरी) और मनदीप (संदीप बसवाना) एक-दूसरे की मौजूदगी में दूरियों का सामना कैसे करेंगे। मनदीप ने दिलप्रीत का घर खरीद लिया है और उनके बीच हालात ज्यादा खराब हो गये हैं। दिलप्रीत बहुत गुस्सा और नाराज है कि उसे अब मनदीप जैसे बेटे के साथ रहना होगा, जिसने 25 साल पहले उसे छोड़ दिया था। जो घर दिलप्रीत के दिल के सबसे करीब था, उसे मनदीप द्वारा खरीदा जाना उसे सबसे ज्यादा गुस्सा दिलाने वाली बात थी। वह घर को अपने सामान समेत छोड़ने का फैसला करता है, क्योंकि वह एक बार अपने से दूर हो चुके बेटे के साथ किसी भी हालत में एक ही घर में नहीं रह सकता। अब बरार परिवार का क्या होगा क्या दिलप्रीत घर छोड़ देगा या मनदीप कोई रास्ता निकालेगा मनदीप की भूमिका निभा रहे संदीप बसवाना ने कहा, ÷मनदीप को अब लगने लगा है कि जिन्दगी में छोटी-छोटी गलतफहमियों को भी अगर नजरअंदाज किया जाए, तो हालात कितने खराब हो सकते हैं। तो इस बार वह पूरा ध्यान दे रहा है और तय कर रहा है कि दिलप्रीत उससे बात करे और पुराने मनमुटाव सुलझ सकें। दिलप्रीत और मनदीप को इस चुनौती से रास्ता निकालते देखना दिलचस्प होगा। क्या दिलप्रीत घर छोड़ देगा या एक नया दिन उनकी जिन्दगी में नई रोशनी लेकर आएगा

## क्यास वंदना तेज कमर दर्द के बावजूद कैटरिंग का बड़ा ऑर्डर पूरा कर पाएगी?

सोनी सब का शो 'वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नये किस्सेप' विचारों को झकझोरने वाला एक पारिवारिक ड्रामा है, जो अपने दर्शकों को एक आम आदमी की जिन्ददगी करीब से दिखाता है। अपने प्रासंगिक किरदारों और दमदार कहानी के साथ 'वागले की दुनिया' दर्शकों को सच्चीद शिक्षाएं देता है और उनके दिल को सुकून पहुंचाता है। पिछले कुछ एपिसोड्स में दर्शकों ने सखी वागले (चिन्मीयी साल्वीच) को विदेश में पढ़ने का अपना सपना पूरा करने का फैसला लेने में संघर्ष करते देखा है। कहानी के आने वाले हिस्सेम में वंदना वागले (परिवा प्रणति) कैटरिंग का बड़ा ऑर्डर पूरा करने के मिशन पर रहेगी। लेकिन कमर में दर्द के कारण उसे परेशानी होगी। हमेशा की तरह दृढ़ वंदना इस बड़े काम को पूरा करने के लिये अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेगी , लेकिन वागले परिवार की मदद के बिना उसे संघर्ष करना पड़ेगा। क्यो वंदना बिना किसी की मदद के यह कर पाएगी? वंदना वागले की भूमिका निभा रहीं परिवा प्रणति ने कहा, ÷वंदना हमेशा अपनी सबसे अच्छीा कोशिश करती है। चाहे घर के रोजाना वाले काम हों या खुद का बिजनेस शुरू करना, वह हमेशा अपनी सबसे अच्छीह कोशिश करती है। हालांकि किसी भी माँ की तरह, अपने परिवार की देखभाल में वह अक्सेर अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती है। यह हर घर की कहानी है! मैं सोचती हूँ कि अपना शुरू किया काम खत्मे करने की उसकी दृढ़ता न सिर्फ मेरे लिये, बल्कि उन सारी महिलाओं के लिये एक प्रेरणा है, जो अपने परिवार और रोजगार के बीच संतुलन रखती हैं। दर्शकों को यकीनन वंदना और उसकी मासूम कमियों में अपनी झलक



## अभिषेक निगम और सायंतनी घोष ने अपने अनोखे रिश्तो के बारे में की बात

किसी टेलीविजन शो की शूटिंग करने वाले कलाकार अक्सरर असल और रील लाइफ में दोस्ता बन जाते हैं। हालांकि स्क्रीन पर कट्टर दुश्मकन की भूमिका निभाना और स्क्री न के बाहर अच्छाद दोस्तत बनना एक बढ़िया संतुलन है, जो बहुत ज्यारदा नहीं दिखता है। सोनी सब के शो 'अलीबाबा- एक अंदाज़ अनदेखा÷ चैप्टजर 2' में क्रमश÷ सिमसिम और अली की भूमिका निभा रहे सायंतनी घोष और अभिषेक निगम दो ऐसे कलाकार हैं, जिनके बीच एक खास रिश्ताए बन गया है। इनके किरदार तो ज्यािदातर बार एक-दूसरे से लड़ते ही रहते हैं, लेकिन असल में उनके बीच बड़ी ही प्याढरी दोस्ती है। इस रिश्तेक के बारे में सायंतनी घोष ने कहा, ''अभिषेक और मेरी खूब पटती है। वह आसानी से अली की भूमिका में ढल गये, जिसे देखना सुखद था। जब भी हम सेट पर एक साथ शूटिंग करते हैं, एनर्जी बड़ी मजेदार होती है। चूंकि, मैं अभिषेक की सीनियर कलीग हूँ, वह कभी-कभी शो पर सलाह लेने के लिये मेरे पास आते हैं और हमारी बड़ी अच्छीभ बातचीत होती है। अगर आप हमें सोशल मीडिया पर फॉलो करते हैं, तो आप देखेंगे कि हमें साथ मिलकर स्टोंरीज पोस्टो करना और रील्स बनाना पसंद है। अभिषेक ने कलाकार के तौर पर सचमुच अपने हुनर को बहुत निखारा है और मुझे उनके सफर पर बहुत गर्व है।'' सायंतनी और उनके साथ अपने रिश्ते के बारे में अभिषेक ने कहा, ''सायंतनी वह पहली इंसान थीं, जिन्हें मैं सेट पर मिला। वह बहुत स्नेरह देने वाली और सपोर्ट करने वाली शख्सन हैं। मैं उनसे हमेशा कुछ-न-कुछ सीखने की कोशिश करता रहता हूं, क्यों कि एक एक्टदर के तौर पर उन्हेंप बहुत अनुभव है। उन्होंने मुझे सुधार करना और बारीकियाँ लाना सिखाया है, जिससे इस शो में मेरे किरदार ने आकार लिया है। हम अक्सउर सेट पर एक साथ लंच करते हैं, वह मुझे अपनी छोटी-छोटी कैंडीज देती हैं, जो उनके पास होती हैं और मेरे पास जो कुछ भी होता है, वह मैं उन्हें देता हूँ। सिमसिम और अली एक-दूसरे के खिलाफ लगातार योजना बनाते हैं, लेकिन सायंतनी और अभिषेक एक-दूसरे को चुटकुले सुनाते हैं और मजे करते हैं।



## नया ओटीटी शो, मंडला मर्डर्स शुरू

यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) का अरमान है डिजिटल पर कुछ ऐसा बेहतरीन काम करने का, जिसे भारत में किसी ने कभी न देखा हो। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले, कंपनी ने अपने दूसरे ओटीटी शो की घोषणा की है, जो एक क्राइम थ्रिलर पर बना है। इसका शीर्षक मंडला मर्डर्स है। इसे मर्दानी 2 के प्रसिद्ध निर्माता और निर्देशक गोपी पुरथन ने बनाया है। इस रोमांचक एंटरटेनर में वाणी कपूर मुख्य भूमिका में होंगी और बेहद प्रशंसित शो गुल्लक फेम के वैभव राज गुप्ता सह-कलाकार के रूप में होंगें। गुल्लक में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें पहली बार मुख्य अभिनेता के रूप में चुना गया है। मनन रावत, जो पहले वाईआरएफ की कई फिल्मों में एसोसिएट डायरेक्टर के रूप में काम कर चुके हैं, इस सीरीज के सह-निर्देशक होंगे। गोपी कल से उत्तर प्रदेश में लगभग एक महीने तक मंडला मर्डर्स की शूटिंग करेंगे, उसके बाद फिल्मिंग की प्रक्रिया पूरी करने के लिए दिल्ली और फिर मुंबई जाएंगे। टीम यूपी के प्रयागराज, लखनऊ और वाराणसी में आकर्षक एवं मनोरम नज़ारों की शूटिंग करेगी। बड़े बजट का यह शो विशाल कैनवस और भव्य स्केल पर भारत के 5 अलग-अलग शहरों में शूट किया जाएगा! वाणी कपूर, जिन्होंने अभिषेक कपूर की चंडीगढ़ करे आशिकी में एक ट्रांसजेंडर-लड़की के रूप में अपने शानदार और संवेदनशील प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीता था, इस शो में फिर से अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। इसके साथ वो ओटीटी की दुनिया में प्रवेश कर रही हैं। मंडला मर्डर्स में सुरवीन चावला और जमील खान (गुल्लक से मशहूर) को भी मुख्य भूमिकाओं में लिया गया है। महत्वाकांक्षी ओटीटी संग्रह का एक हिस्सा है जिसमें पहले से ही 1984 की भोपाल गैस त्रासदी पर आधारित बहुप्रतीक्षित द रेलवे मेन शामिल है। इस सीरीज़ में आर माधवन, के के मेनन, दिव्येंदु और बबील खान प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इस शो में उन बहादुर रेलकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई है जिन्होंने उस डरावनी और तबाही से भरी दुर्भाग्यपूर्ण रात में दर्जनों लोगों की जान बचाई थी।



## शाकुंतलम का पहला गाना मल्लिका-मल्लिका हुआ आउट

साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु अपनी आने वाली फिल्म शाकुंतलम के ग्रैंड रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं. साथ ही फिल्म के प्रमोशन्स में पूरी तरह लगी हुई हैं. शाकुंतलम का पहला सॉन्ग मल्लिका मल्लिका का वीडियो रिलीज हो गया है और सामंथा इस गाने में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. गहनों के रूप में फूलों के साथ एक सफेद पारंपरिक लहंगा पहने एक्ट्रेस सुंदरता की मिसाल दे रही हैं. आपको बता दें कि, मल्लिका-मल्लिका शीर्षक वाला यह गीत 5 भाषाओं - तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया गया है. वीडियो में सामंथा एक तालाब के किनारे गीत गाती नजर आ रही हैं. वह सफेद रंग की साडी के साथ पीले फूलों के श्रृंगार किए नजर आ रही हैं. गीत में एक्ट्रेस धैर्यपूर्वक अपने प्रेमी की प्रतीक्षा करती है. बता दें कि, इससे पहले, जनवरी में, मल्लिका मल्लिका का लिरिकल वीडियो जारी किया गया था, और अब, अप्रैल में सिनेमाघरों में फिल्म की रिलीज से पहले पूरा वीडियो आउट किया गया है.इस बीच, सामंथा रुथ प्रभु ने खुलासा किया था कि उनका किरदार शकुंतला 5वीं सदी जितना पुराना होने के बावजूद उनसे जुड़ता है.

## अनीता भाबी यानी विदिशा श्रीवास्तव उठा रही हैं ट्रिपल सेलीब्रेशन का आनंद

एण्डटीवी के कल्ट- कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' ने हाल ही में आठ साल और 2000 एपिसोड्स पूरे किये हैं। हमने शो की 'गोरी मेम' अनीता भाबी, यानि विदिशा श्रीवास्तव से इस शो में उनके बेहतरीन सफर को लेकर बात की, क्योंकि उन्हें भी इसमें अनीता भाबी का किरदार निभाते हुए एक साल पूरा हो गया है। प्रस्तुत है उसने हुई बातचीत के कुछ प्रमुख अंश

**आपके लिये यह ट्रिपल सेलीब्रेशन का समय है। अनीता की भूमिका में एक साल पूरा होने, आपके शो 'भाबीजी घर पर हैं' के आठ साल और 2000 एपिसोड्स पूरे होने पर कैसा लग रहा है?**

इतने लोकप्रिय शो का हिस्सा बनना मेरी खुशकिस्मती है। पिछले साल जब मुझे अनीता की भूमिका के लिये संपर्क किया गया, तब मैं थोड़ा असमंजस में थी। मुझसे पहले दो अभिनेत्रियाँ इस किरदार को खूबसूरती से निभा चुकी थीं। अब इस शो के साथ जुड़ने का एक साल पूरा होने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि दर्शकों ने अनीता भाबी के रूप में मुझे अपनाया और मुझे काफी तारीफ मिली है। बहुत कम शोज होते हैं, जिनके वफादार प्रशंसक लगातार बने रहते हों और आठ साल तथा 2000 एपिसोड्स पूरे होना हमारे शो की लोकप्रियता का सबूत है। मैं चैनल, हमारे प्रोड्यूसर्स, मेरे साथी कलाकारों और सबसे महत्वपूर्ण, हमारे दर्शकों को धन्यवाद देती हूँ, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और निरंतर मेरा सपोर्ट किया।

**जब प्रशंसक आपको 'गोरी मेम' या अनीता भाबी कहते हैं, तब कैसा लगता है?**

सोशल मीडिया और फ्रेंड सर्कल में लोग मुझे मेरे किरदार के नाम से बुलाने लगे हैं। एक हाल में हुए वाकये ने मुझे भावुक कर दिया। मैं महाशिवरात्रि के दौरान अपने होमटाउन वाराणसी में थी। जिन गलियों में मेरा बचपन बीता, वहाँ के लोग लगातार पूछते रहे कि 'अनीता भाबी कैसी हैं आप?'' मुझे लगता है कि किसी भी एक्टर के लिये यह सबसे बड़ी तारीफ है कि आपको स्क्रीन पर अपने द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका के लिये पहचाना जाए।



**विदिशा और अनीता भाबी में क्या समानतायें हैं?**

अनीता एक मजबूत और आत्मनिर्भर महिला है, जिसे सही बात के लिये खड़ा होने और गलत होने पर आवाज उठाने में यकीन है। वह खूबसूरत और बुद्धिमान है और उसका एक क्लास है। मैं पूरी तरह से वैसी हो सकती हूँ। मेरा स्टाइल स्टेटमेंट भी उसके जैसा है: साधारण, शानदार और सुंदर। मुझे भी अनीता की तरह साड़ियाँ, हील्स और एसेसरीज पहनना पसंद है।

**कॉमेडी का जोनर आपके लिये नया था। उसमें ढलना कितना आसान या मुश्किल रहा?**

एक्टर होने के नाते चुनौती वाली भूमिकाओं को आजमाना महत्वपूर्ण होता है। इससे आप सीखते हैं, बढ़ते हैं और विकसित होते हैं। इसलिये मैं सारे जोनर्स को एक्स्प्लोर चाहती थी और 'भाबीजी घर पर हैं' को चुनना मेरी जिन्दगी के सबसे फायदेमंद फैसलों में से एक है। हाँ, कॉमेडी में चुनौती है, लेकिन मेरी भूमिका को मिलने वाली तारीफ मुझे अपना बेस्ट देने के लिए प्रोत्साहित करती है।

**क्या आप बॉलीवुड मूवीज को साइन करने की सोच रही हैं?**

सच कहूं तो, मुझे साउथ की फिल्में करने से पहले हिन्दी मूवीज ऑफर हुई थीं। लेकिन मैं तैयार नहीं हुई, क्योंकि मैं उन भूमिकाओं से रोमांचित नहीं थी। एक्टर के तौर पर मुझे सार वाली और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं चाहिये। मुझे ऐसे किरदार निभाना पसंद है, जो शो के पूरे कॉन्सेप्ट में जान डाल दें। अनीता भाबी एक्टिंग में अपने हुनर को दिखाने के लिये मुझे मिला एक बेहतरीन मौका है और मैं 'भाबीजी घर पर हैं' का हिस्सा बने रहकर और भी उपलब्धियाँ हासिल करने का इंतजार कर रही हूं।

## क्या सोनी सब के 'ध्रुव तारा- समय सदी से परे' में तारा को पुलिस से बचा लेगा ध्रुव

सोनी सब के शो 'ध्रुव तारा- समय सदी से परे' ने ध्रुव (ईशान धवन) और ताराप्रिया (रिया शर्मा) की अनोखी प्रेम कहानी से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है। इस शो को हर जगह से बहुत तारीफ और प्यार मिल रहा है। अपनी समय अवधि में लौटने की यात्रा में तारा ने कई अड़चनों का सामना किया है, लेकिन उसके निश्चय को दर्शकों ने सराहा है। आने वाले एपिसोड्स में ध्रुव हिम्मत तोड़ने वाली एक और अड़चन के वक्त तारा की मदद करेगा। सुशीला (नीलिमा सिंह) फैसला करती है कि ध्रुव के कनाडा जाने से पहले उसकी शादी कर दी जाए और यह फैसला एक और बड़ी परेशानी खड़ी कर देता है। ध्रुव लगातार सुशीला से कहता है कि उसे शादी नहीं करनी है, लेकिन सुशीला उसकी बात को गलत समझ लेती है और उस पर उस लड़की से मिलने का दबाव डालती है, जिसे उसने चुना है। अपनी बात साबित करने की कोशिश में ध्रुव नवरंग वैन जैसी एक जगह पर पहुँच जाता है और बड़ा खुश होता है। वह तारा को यह बात बताना चाहता है, लेकिन उसे पता चलता है कि तारा उसका घर हमेशा के लिये छोड़ चुकी है। दूसरी ओर, तारा एक लड़की को गुंडों से बचाने की कोशिश में फंस जाती है और उसे पुलिस ले जाती है। ध्रुव का किरदार निभा रहे ईशान धवन ने कहा, ''ध्रुव के तारा की असलियत के करीब पहुँचने के साथ कथानक ज्यादा दिलचस्प होता जा रहा है।

## एक नजर

### शैक्षणिक परिसर को राजनीति का अड्डा बनाना बंद करे एनएसयूआई : राजेंद्र सिंह



गीदम, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राहुल गांधी के संसद से सदस्यता रद्द करने के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार शाम जगदलपुर ने मशाल रैली निकाली। मशाल रैली में एनएसयूआई के कार्यकर्ता एवं यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता छात्रावास में जाकर जबरन विद्यार्थियों को बहला-फुसलाकर मशाल रैली में शामिल किया। अभाविप प्रदेश सह मंत्री राजेंद्र सिंह ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि एनएसयूआई के कार्यकर्ता एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता लगातार शैक्षणिक संस्थानों को अपने राजनीति का अड्डा बना रहे हैं। आए दिन खबरों के माध्यम से हमें दिखाई पड़ता हैं। एनएसयूआई कांग्रेस के लोग संख्या बल बढ़ाने के लिए हॉस्टल एवं शिक्षण संस्थान का सहारा लेते हैं। राजेंद्र ने बताया कांग्रेस और एनएसयूआई जैसे संगठन के पास मशाल व झंडा पकड़ने के लिए कार्यकर्ता तक नहीं मिलते तब वह छात्रावास एवं शैक्षणिक परिसर को टारगेट करते हैं और उन्हें बरगला कर अपने कार्यक्रम में लाते हैं। राजेंद्र ने की मशाल रैली की कुछ दूरी तय करने के बाद रैली की मशाल बुझने लगी तब स्प्रिट नामक ज्वलनशील पदार्थ मशाल पर डाला गया स्प्रिट डालने के दौरान मशाल स्प्रिट के डब्बे में जा टिकी और आग भड़क गया इस दौरान जबरन लाए गए छात्रावास के विद्यार्थी गंभीर रूप से झुलस गए। वह सभी रैली में लाए गए विद्यार्थी 9वी एवं 11वीं पढ़ने वाले नाबालिग विद्यार्थी थे। लगातार कांग्रेस के कार्यकर्ता एनएसयूआई के कार्यकर्ता छात्रावास कैंपस को अपने राजनीतिक का अड्डा बना रहे हैं इसका अभाविप विरोध करती हैं। एवं अभाविप प्रशासन से यह मांग करती है कि जिम्मेदार व्यक्ति पर कठोर से कठोर करवाई करें।

### डीएवी स्कूल के कक्षा नवमी के 40 बच्चों में एक बच्चा ही हुआ पास



सुकमा, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सुकमा जिले के कोण्टा मॉडल मुख्यमंत्री स्कूल (डीएवी) में इस बार नवमीं में रिजल्ट ने मुख्यमंत्री स्कूल कांसेप्ट की हवा निकाल दी। कक्षा 9वी बिना बोर्ड एग्जाम में के कुल 1 बच्चा पुर्ण पास हो सका हैं। आपको बता दे कोण्टा डीएवी स्कूल मे अभी तक कक्षा नवमीं का परीक्षाफल घोषित किया है। स्कूल मे 9वी क्लास मे 40 बच्चों मे मात्र एक पुर्ण पास 13 बच्चे फेल हो गए। फ़ेल होने वाले सभी बच्चे विकासखण्ड कोण्टा के अंदरूनी इलाकों के रहने वाले है। सिर्फ 1 बच्चा पुर्ण पास 13 बच्चे फ़ेल और बाकि बच्चो को पुरक होने पर। रिजल्ट जारी होने के बाद पालक वर्गों में नाराजगी है।

### बेरोजगारी भत्ता महज दिखावा, युवा विरोधी है भूपेश सरकार की नीतियां:नंद किशोर राणा

बीजपुर, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बेरोजगारी भत्ता को लेकर राज्य की भूपेश



सरकार पर युवाओं को धोखा देने का आरोप भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं बीजापुर वार्ड 1 से पार्षद नंद किशोर राणा ने लगाया। राणा ने कहा कि आगामी चुनाव में हार सुनिश्चित होता देख राज्य की काँग्रेस सरकार एक बार फ़िर से युवा साथियों को भत्ता के नाम पर गुमराह कर रही है। राज्य सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने के लिए नियम इतने कठोर बनाएं गए हैं कि अधिकांश बेरोजगार साथी इससे वंचित हो जाएंगे। भूपेश सरकार युवाओं के साथ 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर उनके भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। चला चली के बेला में सरकार एक बार फ़िर युवा साथियों को वोट के लिए झांसे में लेने की कोशिश कर रही है, लेकिन प्रदेश के युवा काँग्रेस सरकार के चाल चरित्र और चहेरा को पहचान चुकें है। आगामी चुनाव में इसका परिणाम भी नज़र आ जाएगा। युवा ही इस धोखेबाज सरकार को उखाड़ फेकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भूपेश सरकार 4 वर्ष तक बेरोजगारी भत्ता देने की वादाखिलाफी कर चुनावी वर्ष में वोट बटोरने के लिए 1 अप्रैल से कुछ महीनो लिए बेरोजगारी भत्ता देने की बात कह रही है। यह बेरोजगार युवाओं के साथ भद्दा मजाक है। प्रदेश में लगभग 18 लाख से अधिक पंजीकृत बेरोजगार हैं लेकिन शासन की शर्तों के कारण लगभग 50 हजार लोग ही भत्ते के पात्र होंगे जो सरकार की कुत्सित मानसिकता को प्रदर्शित करता है। भत्ते के नाम पर भूपेश सरकार द्वारा लगाए गए नियमों के पेंच के चलते बेरोजगार आवेदन दे या ना दे।

### भोपालपटनम में कांग्रेसियों ने निकाली विशाल लोकतंत्र बचाओ शांति मशाल रैली

# कांग्रेस लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए हर कीमत चुकाने को तैयार : विक्रम मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भोपालपटनम, 2 अप्रैल।** शनिवार शाम 01 अप्रैल को भोपालपटनम नगर में कांग्रेसियों ने केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा द्वारा किए जा रहे लोकतंत्र की हत्या के ख़िलाफ़ विशाल शांति मशाल रैली निकाली गई। कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा पिछले नौ वर्षों से लगातार विपक्ष के नेताओं पर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के छापे लगाकर विपक्ष की कमजोर करने का प्रयास कर रही है।

भारत वर्ष के नेता राहुल गांधी जी, जो कि जनता द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधि है मोदी सरकार और भाजपा ने उनके लोकसभा की सदस्यता को जानबूझकर और जल्दबाज़ी में रद्द किया गया है ताकि राहुल गांधी लोकसभा में भारत की जनता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अड़ानी के भ्रष्टाचार वे लोकसभा में न बोल सके इससे यह साबित होता है कि मोदी सरकार और भाजपा पूरी तरह लोकतंत्र के ख़िलाफ़ है वे लोकतंत्र विरोधी है। मोदी सरकार और भाजपा को लोकतंत्र पर विश्वास नहीं रहा।

भोपालपटनम में मशाल रैली के दौरान बीजापुर के विधायक और बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी ने कहा कि आज देश में मोदी सरकार और भाजपा ने डर और भय का वातावरण निर्मित किया है मोदी सरकार और भाजपा देश में जानता द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों का षड्यंत्र पूर्वक संसद सदस्यता रद्द किया जा रहा है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण भारत वर्ष के नेता राहुल गांधी है, कांग्रेस पार्टी देश में लोकतंत्र को बचाने और लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए हर एक क़ीमत चुकाने को तैयार है मोदी सरकार और भाजपा के लोकतंत्र ख़त्म करने की साजिस कभी भी सफल नहीं होगी।

मशाल रैली के दौरान लालू राठौर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर, शंकर कुडियाम अध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर, बसंत राव ताटी सदस्य कृषक कल्याण परिषद छत्तीसगढ़ शासन, जिला पंचायत बीजापुर नीना रावतिया उद्दे, जिला पंचायत बीजापुर सरिता चापा, कामेश्वर गौतम अध्यक्ष कृषि उपज मंडी जिला बीजापुर, रमेश पामभोई अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भोपालपटनम, एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गण एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता गण भारी संख्या में मौजूद रहे।

## केंद्र की मोदी सरकार के तानाशाही रवैये से लोकतंत्र की हत्या हो रही:मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 2 अप्रैल।** केंद्र की मोदी सरकार की तानाशाही रवैये एवं केंद्र सरकार द्वारा लोकतंत्र की हत्या कर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने की षड्यंत्र के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार 31 मार्च शुक्रवार को ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने ज़िला मुख्यालय बीजापुर में लोकतंत्र बचाओ मशाल-शांति मार्च/रैली का आयोजन किया गया है। रैली की शुरुआत ज़िला मुख्यालय के नया बस स्टैंड से शुरू होकर पामभोई पेट्रोल पंप होते हुए जयस्तंभ चौक पर समापन हुआ। लोकतंत्र बचाओ शांति मार्च की शुरुआत करते हुए बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी और ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि आज देश में केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा की तानाशाही रवैये ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की सदस्यता षड़यंत्र पूर्वक रद्द की है जो कि दुर्भाग्य जनक है। मोदी सरकार और भाजपा को लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ नहीं है।

लोकतंत्र बचाओ मशाल-शांति मार्च में जिला कांग्रेस व ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एन एस यू आई, सेवादल, कांग्रेस के समस्त संगठन प्रकोष्ठ विभाग के जिला ब्लॉक अध्यक्ष व जिला ब्लॉक पदाधिकारियों, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, पार्षद एल्डरमैन, त्रिस्तरीय पंचायती राज के जिला, जनपद, ग्राम पंचायत के कांग्रेस समर्थित निर्वाचित सदस्यों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# पुलिस की जवाबी कार्रवाई से भागे नक्सली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 2 अप्रैल।** 31 मार्च को डी.आर.जी., एस.टी.एफ एवं सी.आर.पी.एफ की संयुक्त टीम पी.एल.जी.ए. कंपनी नंबर 2 के कमांडर वेल्ला व उसकी टीम की उपस्थिति की आसूचना पर थाना गंगालूर के ग्राम पालनार, सावनार, कोरचोली की ओर रवाना हुई थी। आज दिनांक के प्रातः 09:00-9:30 बजे के मध्य पी. एल. जी. ए. कंपनी नंबर 2 के सशस्त्र नक्सलियों द्वारा ग्राम सावनार के जंगल पहाड़ी में गश्त सर्चिंग में गई डी. आर. जी., एस. टी. एफ एवं सी. आर. पी. एफ की संयुक्त टीम को जान से मारने व हथियार लूटने की नीयत से फायरिंग की गई। पुलिस बल द्वारा आत्मसुरक्षार्थ फायरिंग का जवाब दिया गया। अपने आप को घिरता देख नक्सली जंगल पहाड़ का आड़ लेकर मौके से भाग गए। मुठभेड़ करीबन आधा घंटा तक चली। फायरिंग रुकने पर पुलिस बल द्वारा सर्चिंग की गई जिस पर नक्सलियों के फायरिंग करने वाली जगह से माओवादी वर्दी, पिट्ठू एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुई है तथा आसपास खून के धब्बे भी दिखाई दिया है जिससे प्रतीत होता है कि पी.एल.जी.ए. कंपनी नंबर 2 के 02 से 03 नक्सली मुठभेड़ में घायल हुए होंगे। मुठभेड़ में पुलिस बल के किसी सदस्य को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पुलिस बल की वापसी पश्चात थाना गंगालूर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस ने दुष्कर्म के 2 आरोपियों को 12 घंटे के अंदर पकड़ा

- **मेला देखने गई महिला को आरोपियों ने शराब पिलाकर किया था दुष्कर्म**
- **महिला से दुष्कर्म कर बेहोशी की हालात में छोड़कर भाग गये थे आरोपी**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 2 अप्रैल।** 28 मार्च को थाना छिंदगढ़ के ग्राम गुडरा निवासी महिला अपनी सहेलियों के साथ मेला देखने ग्राम तालनार गई थी। मेला देखने पश्चात रातभर वहीं रूककर 29 मार्च के प्रातः 07-08 बजे अपने सहेलियों के साथ वापस घर जा रही थी कि रास्ते में उसके गांव का संतोष पोडियाम और मोटू बेट्टी कुछ लोगो के साथ मिला। संतोष पोड़ियाम महिला को वापस मेले में ले जाकर जबरदस्ती शराब पिलाया फ़िर संतोष पोडियाम और महिला वापस घर आ रहे थे, मोटू बेट्टी भी पीछे से आ रहा था। फ़िर रास्ते में नदी के पास संतोष पोड़ियाम महिला को जबरदस्ती खींचकर नदी के किनारे लाड़ी में ले गया और महिला के साथ संतोष पोडियाम और मोटू बेट्टी ने बारी-बारी से जबरदस्ती दुष्कर्म किया जिससे महिला बेहोश हो गई। दोनो आरोपी महिला को बेहोशी की हालत में छोड़कर वहां से भाग गये। आस-पास ग्रामीणों द्वारा महिला को बेहोशी की हालत में देखकर एंबुलेश के माध्यम से अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिनांक 30.03.2023 को अपराध की सूचना मिलने पर थाना पुरुषाल में अपराध क्रमांक 05/2023 धारा 376 (घ) भादवि पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक सुकमा, श्री सुनील शर्मा को अवगत कराकर उनके निर्देशन तथा अति. पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स श्री किरण चव्हाणके मार्गदर्शन व उप पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अन्वेषण अधिकारी श्रीमति पारूल खण्डेलवाल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा, श्री परमेश्वर तिलकवार एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी तोंगपाल, श्री तोमेश वर्मा के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण के फ़रार आरोपियों मोटू राम बेटी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम गुडरा पेरमापारा थाना छिंदगढ़, जिला सुकमा, संतोष पोडियामी पिता स्व. तडमा पोड़ियामी उम्र 19 वर्ष निवासी गुडरा पैरमापारा, थाना छिद्रगढ़, जिला सुकमा को 31 मार्च को अलग-अलग स्थानों में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया तथा माननीय विशेष न्यायालय जित्ता दंतेवाड़ा में पेश कर उक्त प्रकरण में थाना स्टाफ सुकमा, थाना स्टाफ छिंदगढ़ एवं थाना प्रभारी पुसपाल निरीक्षक मनोज कौशिक, सउनि सांवत राम पटेल, प्र. आर. पंकज भोई, आर. गितेश्वर सलाम, हेमंत सोरी, किरण साहनी, ललित यादव, मनीष खाण्डे, पवन किसके दिनेश सिदार एवं सहा. आर. प्रकाश शाहा का विशेष योगदान रहा है।

### मत्स्य कृषकों को विधायक विक्रम मंडावी ने किया मोटरसाइकिल और आइस बाक्स का वितरण

# बाइक मिलने से मछली विक्रय में किसानों को होगी सहूलियत: विक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 2 अप्रैल।** क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी द्वारा शासन के योजना मत्स्य पालन प्रसार योजना और पीएमएमएस योजना के तहत आदिवासी वर्ग के 05 हितग्राहियों को मोटरसाइकिल और आइस बाक्स का वितरण किया गया।विधायक विक्रम मंडावी ने बताया कि शासन की योजना से प्राप्त मोटरसाइकिल और आइस बाक्स वितरण से मछली बेचने मे किसानों को सहूलियत होगी दूर-दराज के हाट-बाजार और शहरों में बहुत आसानी से मछली बेच पाएंगे वहीं मछली के सुरक्षित रख-रखाव हेतु आइस बाक्स भी दिया गया है जिससे मछली ज्यादा समय तक सुरक्षित रहेंगे जिससे मत्स्य कृषको को लाभ मिलेगा विधायक ने कहा कि शासन की समस्त योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित कर उनकी आजिविका संवृद्धि के लिए विभागीय अमला लगातार जमीनी स्तर हितग्राहियों का चयन कर उसे लाभान्वित करने का कार्य कर रहा है जिससे सभी वर्गों के पात्र हितग्राहियों शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।मोटरसाइकिल और आइस बाक्स प्राप्त मत्स्य कृषक मेट्टा केशा, मनोज फरसके, टिंगे सुनील, भीमा साहनी और विकास सड़मेक ने विधायक विक्रम मंडावी और मत्स्य विभाग का आभार व्यक्त कर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मोटरसाइकिल के अभाव में मछली विक्रय मे काफी मशक्कतो का सामना करना पड़ता था अब बहुत आसानी से मछली विक्रय कर पाएंगे। वहीं मत्स्य निरीक्षक दामोदर यालम ने बताया कि मोटरसाइकिल मे 60 फीसदी और आइस बाक्स मे सौ फीसदी अनुदान हितग्राहियों को प्राप्त हुआ है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य नीना रावतिया उद्दे सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण टीम घर-घर जाकर कर रही सर्वेक्षण का कार्य



बीजापुर, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले दिन आज 1 अप्रैल से जिले में छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसी कड़ी में कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के दिशानिर्देश में जिले के सभी विकासखंड के गांव गांव जाकर निर्धारित सर्वेक्षण टीम सर्वे का कार्य कर रही है। कलेक्टर ने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कोई भी पात्र परिवार सर्वेक्षण से छूटने ना पाए। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए वार्ड पंचों की जिम्मेदारी, मकानों का नंबरिंग, सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री सहित अन्य कार्यों में आवश्यक सावधानी बरतने के निर्देश दिए है। सर्वेक्षण टीम के द्वारा जिले के सभी विकासखंड के गाँवो में सर्वे का कार्य गंभीरता से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शासन की विभिन्न योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को लाभान्वित कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को दिए जाने के लिए यह सर्वे बहुत ही मददगार साबित होगा। इसलिए जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से सर्वेक्षण के लिए टीम के आने पर सहयोग करने की अपील की गई है।

### विधायक व पीसीसी मेम्बर ने हितग्राहियों को किया पट्टा वितरण



गीदम, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। गीदम नगर पंचायत में दंतेवाडा विधायक देवती महेंद्र कर्मा व पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा ने हितग्राहियों को राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरण किया। इसके बाद गीदम नगर के मुख्य मार्ग स्थित डिवाइडर में पौधा रोपण किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष व जिपं सदस्य सुलोचना कर्मा समेत छग खाद्य आयोग सदस्य विमल सुराना, मदरसा बोर्ड सदस्य शकील रिजवी, नपं अध्यक्ष साक्षी रविश सुराना, भाजपा जिला अध्यक्ष चैतराम अटामि, नपं उपाध्यक्ष मनकुराम लेकामी, पूर्व नपं अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा, अभिलाष तिवारी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, व्यापारी संघ अध्यक्ष रजनीश सुराना, निकाय के पार्षदगण, एल्डरमैन व बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे। गौरतलब है कि नगर पंचायत द्वारा सर्वे में 485 हितग्राही पात्र पाए गए थे। इनमे 303 को पूर्व में पट्टा वितरण किया गया था। प्रकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर समय समय पर हितग्राहियों को राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरण किया जाता है। साथ ही पौधारोपण के लिए नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित नगर के व्यापारी संघ एवं नगरवासियों के सहयोग से डिवाइडर को सुंदर बनाया जाएगा। विधायक देवती कर्मा ने इस अवसर पर कहा कि राजीव आश्रय योजना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इससे हितग्राहियों को स्वयं की भूमि का अधिकार मिलता है, इसके पश्चात मोर जमीन मोर मकान योजना के माध्यम से आवास हेतु राशि भी उपलब्ध कराई जाती है। मैं और हमारे सभी प्रतिनिधि लगातार हितग्राहियों को पट्टा दिलाने के लिए प्रयत्नशील है। जिन हितग्राहियों का किसी कारणवश सर्वे सूची में नाम नही आया तो उसके लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। पीसीसी मेम्बर छबीन्द्र कर्मा ने कहा कि हमारा हमेशा ही ये प्रयास होता है कि शासन की हर योजना का लाभ अंतिम से अंतिम व्यक्ति तक मिल सके।

### कांग्रेस ने लोकतंत्र बचाने के लिए मशाल रैली निकाली



किरंदुल, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। लौह नगरी किरंदुल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के सांसद सदस्यता रद्द होने के विरोध में और केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ लोकतंत्र बचाओ शांतिपूर्ण तरीके से मशाल रैली की गई जो कांग्रेश भवन से होते हुए नगर के प्रमुख स्थानों से भ्रमण करते हुए रिंग रोड नंबर 4 पहुंची जिसके बाद कांग्रेसियों ने जमकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और नरेंद्र मोदी कार्य की निंदा की इस मशाल रैली में मृणाल राय नगरपालिका अध्यक्ष, तपन दास, सेक्टर प्रभारी दीपक गोस्वामी विपुल राय, शेख नसीम, बूथ अध्यक्ष मोहन राव, राजेंद्र मृणाल राय सभापति, पार्षद अमृत टंडन, सुरेश पात्रे, अशोक कश्यप, गायत्री साहू, दिनेश प्रसाद महिला काग्रेस अध्यक्ष बी सुशीला, बूथ अध्यक्ष दुर्गा राव, भेमिन साहू, मीना ठाकुर, जी सुजाता राव, मीना मंडावी सरपंच कोड़ेनार, तिलो जगत वार्ड पंच, पूजा ठाकुर, गीता शाह, राजू हलदार, आनंद सिंह, मनोज साहा, संजय सरोज, राजू रेड्डी सांसद प्रतिनिधी, शेख आज़ाद, धनी मांझी, सुशांत स्वाई, आसिफ सिद्दीकी, सुनीता मांझी, सत्येन साहू विश्वनाथ राय, दिलीप सिंह सलीम, बाबा, मोनू अखिल, महावीर मशाल जुलूस में उपस्थित थे।

### रसोइयों संग बीजेपी-कांग्रेस कर रहे विश्वासघात: देवलाल

कोण्डागांव, 2 अप्रैल(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी देवलाल सोनवंशी ने कहा कि प्रदेश में 1995 से



आज तक रसोईया संघ अपने जायज मांगों को लेकर आंदोलित है। 15 साल के शासनकाल में भाजपा ने धोखा दिया। और अब इस पंचवर्षीय कार्यकाल में कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी करके और सरकार बनने के बाद उसको लागू न करके इनके साथ धोखा कर रही है। उनका मानदेय एक मजदूर के बराबर भी नहीं है। आगे देवलाल सोनवंशी ने कहा कि कांग्रेस की कांग्रेस सरकार इधर बेरोजगारों को 2500 रूपये देने का वादा कर रही है जबकि रसौईया संघ के वेतन बढ़ोतरी करने के नाम से वित्तीय संकट बताने वाली कांग्रेस सरकार नवयुवकों को मात्र 6 महिना बचे समय में चुनावी वर्ष होने के नाते लोक लुभावन घोषणा कर रही है। राज्य के नवयुवक इस बात को भली भांति समझ चुके हैं कि आने वाले चुनाव में इनके बहकावे में नहीं आएंगे। बसपा ने नव युवकों को स्थाई रोजगार देने का भरोसा दिलाया है, ताकि समस्या का समाधान हो सके। बेरोजगार भत्ते की बात करके सरकार अपनी नाकामी छुपाने का प्रयास कर रही है। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियां आरक्षण के मसले से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की बातें कर रही हैं।

# करोड़ों की लागत से बने झरझरा एनीकट में जरा भी पानी नहीं, दो साल में ही लगा टूटने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 2 अप्रैल।** जल संसाधन विभाग के छुरा में स्थित सब डिवीजन के कार्यालय में पानी से भरा लबालब एनिकट का पोस्टर आपको आसानी से दिवालो में टंगे दिख जायेगा ।जिसको देख यह सोच जहन में बैठेगा की यहा बने एनीकेट का लाभ सिंचाई के लिए किसानों को और पानी के भराव से सभी स्थानीय लोग लाभान्वित होते होंगे । पर जब आप धरातल में जाकर देखेंगे तो ठीक इसके विपरित है धरातल में ऐसा कुछ भी नही मिलेगा । बरसात के समय लिया हुवा यह पोस्टर केवल कार्यालय का शोभा बढ़ा रहा है । और ये एनिकट महज कुछ सालो में टूटने लगा है । देखने वालो को

ये पोस्टर भ्रमित कर रहा है । निर्माण के नाम पर करोड़ों रुपया पानी की तरह विभाग ने बहाया और एनीकेट में ना तो पानी ठहर रहा ना ही दो साल टिका अभी से टूटने लगा है । ऐसा नजारा आपको छुरा विकाखंड के ग्राम





पंचायत मेड़कीडबरी से लगे झरझरा नाले में देखने को मिलेगा । करोड़ों की लागत से एनीकट का निर्माण किया गया था। जिससे किसानों को सिंचाई की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। लेकिन अभी गर्मी के दिनों में वहां थोड़ा भी पानी का भराव नहीं है और दो साल बाद ही कई जगह उखड़ने लगी है दरारें पड़ रही है। बावजूद करोड़ों खर्च कर नहर नाली का निर्माण कराया जा रहा है। नहर की खुदाई तो बड़े आकार में किया जा रहा है लेकिन एनीकट का गेट की साईज देखें तो चुहे के बिल जैसा छेद दिखाई पड़ता है और उसमें सिंचाई के लिए कितना पानी जायेगा ये सोचनीय है। प्रशासन के करोड़ों खर्च का क्या औचित्य है और क्या उपयोग होना चाहिये ये इंजीनियर तय करता है लेकिन इसका निर्माण व संचालन में इंजीनियर इसे बनाने में क्या तकनीक के हिसाब से बनाया गया है ये एक गंभीर और सोचनीय विषय है। और इसका सिंचाई का लाभ कितने गांवों के किसानों को मिलेगा यह स्थिति को देखते हुए कुछ कह पाना मुश्किल प्रतीत होता है। एक प्रकार से कहें तो प्रशासनिक पैसे का दुरुपयोग से कम नहीं लगता।

जिले के जिम्मेदार आला अधिकारियों को ऐसे कार्यो के मानिटरिंग में विशेष ध्यान रखना चाहिए, जो किसानों के हितों व सुविधाओं से जुड़ा हो। पर हमेशा कार्यालय से गायब रहने वाले जिम्मेदार यह अधिकारी हमेशा मीडिया के सवालों से बचने के चक्कर में मीटिंग और फील्ड में होने की बात करता है ।अब तो इसका असर कार्यालय अन्य कर्मचारियों को भी पड़ गया है जो इन्ही अधिकारी की भाषा बोलते है ।और कुछ भी बताने से इंकार करते है।

## एक नजर

### कमिश्नर कार्यालय के रीडर चंद्रशेखर मिश्रा को दी गई विदाई

**जगदलपुर 2 अप्रैल।** कमिश्नर श्री श्याम धावड़े द्वारा कार्यालय के न्यायालीन शाखा के रीडर श्री चंद्रशेखर मिश्रा को भावभीनी विदाई दी गई। कमिश्नर श्री धावड़े ने कहा कि कमिश्नर कार्यालय के न्यायालय में विश्वास के साथ संभाग के लोग आते है ऐसे में एक न्यायालयीन कार्य में दक्ष कर्तव्यनिष्ठ-जिम्मेदार कर्मचारी कार्यालय में होने से न्यायालयीन कार्य सरलता से हो जाता है। स्वैच्छिक सेवानिवृति लिए कर्तव्यनिष्ठ,जिम्मेदार और उर्जावान मिश्रा जी कमी कार्यालय में खलेगी। कमिश्नर श्री धावड़े और द्वय डिप्टी कमिश्नर सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी-कमर्चारियों ने विदाई में मिश्रा जी और उनकी धर्मपत्नी को साल-श्रीफल से सम्मानित कर स्मृतिचिन्ह भेंट किए। श्री मिश्रा अपने 35 वर्ष 8 माह की शासकीय सेवा उपरांत स्वैच्छिक सेवानिवृति लिया है। श्री मिश्रा ने अपनी शासकीय सेवा में अगस्त 1987 में सहायक ग्रेड 3 के पद पर कलेक्टर कार्यालय में शुरू किया था। कमिश्नर कार्यालय में वरिष्ठ रीडर के रूप में मिश्रा जी ने न्यायालयीन व कार्यालय के अन्य कार्य के दक्ष रहे इसलिए कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों ने उनको भीष्म पितामह की संज्ञा दी। कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने मिश्रा के साथ अपने अनुभव को भी साझा किया।

### दादाबाड़ा में यज्ञस्थल बनकर तैयार, डोम निर्माण की हो रही तैयारी

**महासमुंद 2 अप्रैल।** शहर के दादाबाड़ा में 6 अप्रेल से 10 अप्रैल तक श्री मारूति महायज्ञ को लेकर जोरशोर से तैयारी की जा रही है। यज्ञस्थल के साथ ही राम कुटी व शिव कुटी बनकर तैयार हो गया है। वहीं प्रवचन के लिए डोम का निर्माण कराया जा रहा है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मारुती महायज्ञ आयोजन समिति महासमुंद के सदस्यों के साथ शनिवार की सुबह यहां की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। गौरतलब है कि मारुती महायज्ञ आयोजन समिति महासमुंद के तत्वावधान में आगामी 6 अप्रैल को हनुमान के जन्म उत्सव के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर भी तैयारियां अंतिम चरणों में है। शनिवार को संसदीय सचिव व विधायक चंदाकर ने समिति के सदस्यों के साथ यज्ञस्थल दादाबाड़ा में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। यहां आर्कषक तरीके से राम व शिव कुटी के साथ ही यज्ञस्थल का निर्माण कराया गया है। वहीं प्रवचन के लिए भव्य डोम बनाया जा रहा है। जल्द ही डोम बनकर तैयार हो जाएगा। शहर के दादाबाड़ा में 6 अप्रेल से मारूति महायज्ञ आयोजित है। कलश व जलयात्रा के साथ महायज्ञ का आगाज होगा। मारूति महायज्ञ में मप्र जावरा के बालयोगी विष्णु अरोड़ा मुख्य प्रवचनकर्ता होंगे।

### तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

**राजिम/फिंगेश्वर 2 अप्रैल।** नगर से महासमुंद मार्ग में स्थित धर्मकांटा के पास एक तेज रफ्तार बस ने मोटरसाइकिल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। दोपहर लगभग 1 बजे मोटरसाइकिल सवार फिंगेश्वर निवासी युवक कोमल हल्बा उम्र 36 वर्ष फिंगेश्वर से ग्राम बोरिद जा रहा था, जो नगर के कुछ दूरी पर स्थित धर्मकांटा के पास पहुंचा ही था कि विपरीत दिशा महासमुंद तरफ से आ



रहे एक तेज रफ्तार बस ने युवक को अपने चपेट में ले लिया। इस घटना से युवक की मौके पर ही मौत हो गया। जिसे पीएम पश्चात लाश परिजनों को सौंप दिया गया। वही इस मार्ग में लगातार हो रहे घटना को लेकर वहां पर उपस्थित भीड़ आक्रोशित हो गई। जिसे किसी तरह शांत किया गया। आक्रोशित भीड़ ने बताया कि इस मार्ग में तेज रफ़्तार बस की कहर धमने का नाम नही ले रहा है। 15 दिन के अंदर फिर बस की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। बताया गया कि इस मार्ग में बिना फिटनेस के खटारा बसे बेधड़क दौड़ रहे हैं। वही शराब दुकान के पास मुख्य मार्ग किनारे अवैध चखना सेंटर में लगने वाले भीड़ के कारण भी लगातार हादसे हो रहे हैं।

### कौर मल्टीस्पेश्यलटी हॉस्पिटल बनी महिलाओं की पहली पसंद

**राजिम 2 अप्रैल।** कौर मल्टीस्पेश्यलटी हास्पीटल राजिम अपने सेवाओं के कारण हमेशा से सुर्खियों में रहा है और अब यह गर्भवती महिलाओं की पहली पसंद बन गई है यहां आने वाले माताएं हास्पिटल प्रबंधन की प्रशंसा किए बिना नहीं थक रहे हैं इसका कारण बेहतरीन इलाज,सुविधाएं एवं काफी कम बजट में सही डिलवरी होना कुल मिलाकर यहां की इलाज से महिलाएं बहुत ही खुश हैं इसी प्रकार पिछले नवरात्रि, दीवाली की तरह चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कौर मल्टीस्पेश्यलटी हास्पीटल राजिम ने पांच अलग अलग महिलाआं का प्रसव के दौरान बच्ची होने पर नि:शुल्क डिलवरी हास्पीटल प्रबंधन द्वारा कराया गया। वही आसपास क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों से अलग अलग ग्रामों से आये माताओं ने आठ बालकों को प्रसव काल के दौरान जन्म दी। डॉ. गुरूप्रीत कौर एम.बी.बी.एस. (एम.एस.) ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा अलग अलग क्षेत्रों से आए हुए महिलाओं का क्रमंश: श्रीमती लकेश्वरी ध्रुव ग्राम कोरगांव (मगरलोड), श्रीमती लकेश साहू ग्राम दर्रीपारा, श्रीमती दीपिका यादव ग्राम सड़क परसुली (छुरा), श्रीमती उषा बाई ग्राम बुड़ेनी (मगरलोड), श्रीमती दुलारी बाई ग्राम अमलीडीह (मगरलोड) ने चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रसव काल में बच्ची को जन्म दिये जिनकी डिलवरी आप्रेशन हास्पीटल प्रबंधन द्वारा नि:शुल्क किये गये वही चैत्र नवरात्रि के अवसर पर दुर्गा पूजन के साथ कुवारी कन्याओं को भोज भी हास्पीटल प्रबंधन द्वारा कराया गया।

# सिंधी समाज ने किया रामनवमी शोभायात्रा का शानदार स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया 2 अप्रैल।** पूज्य सिंधी पंचायत के श्रीचंद रावलानी ने बताया की पूरे भारत देश मे रामनवमी बहुत ही धूमधाम से मनाई जाती है और इस वर्ष भी खरसिया रामनवमी के दिन पूरा भगवा रंग से सज गया था, और इस वर्ष और भी ज्यादा ही हिन्दुओ में एकता देखने को मिली। साथ ही रावलानी ने बताया कि खरसिया धर्म नगरी में 30 मार्च को रामनवमी के उपलक्ष में रामभक्तो के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी थी। जिसमे पूज्य सिंधी पंचायत के द्वारा, खरसिया फ़क़ीर चौक में शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया और सिंधी समाज के द्वारा पानी, चाय,बिस्किट और आईसक्रीम की व्यवस्था की गई थी,साथ ही रावलानी जी ने बताया कि शोभायात्रा में राम जी को सिंधी समाज के द्वारा और सिंधी युवा मंडल के द्वारा माल्यार्पण किया गया और जय श्री राम के नारे लगाए गए, और रावलानी जी ने बताया कि सिंधी समाज के नानकराम अम्बवानी, विजय मेघानी,अशोक भगतानी,हंसराज पेशवानी, राजू बजाज, मनोज नाथानी, नरेश चंदवानी, कन्हैया रेलवानी एवं सभी पदाधिकारी शामिल हुए तथा सिंधी युवा मंडल के देवानंद धमवानी, शत्रुघन अम्बवानी, गुल्लू सचदेव, संतोष मोटवानी, दिनेश अम्बवानी, हितेश सोनू रावलानी, आकाश मेघानी, सुमित रावलानी, अमन नथानी, सागर मेघानी, अमित मंछानी, निखिल बसंतानी, दीपक फोटवानी, सुनील बसंतवानी, मिथलेश नाथानी, बलवंत चंदवानी, राहुल रावलानी, जय अम्बवानी, किशन चंदवानी, हर्ष रावलानी, दीपक भगतानी और भी सभी युवा शामिल हुए। अंत मे रावलानी ने कहा की युवा मंडल का इसमें विशेष सहयोग रहा इनके द्वारा ही पूरी तैयारी की गई थी और भविष्य में युवा मंडल के द्वारा इसी तरह से सहयोग मिला तो आने वाली सभी धार्मिक शोभयात्रा का समाज के द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।

# जिले के गांवों में परिवारों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 2 अप्रैल।** राज्य शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत कांकेर जिले में आज से सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य शुरू हो गया है। प्रगणकों द्वारा घर-घर दस्तक दिया जाकर परिवारों की विस्तृत जानकारी जैसे- परिवार का मुखिया, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, राशन कार्ड में परिवार की सूची एवं उनके आवास की स्थिति, शैक्षणिक योग्यता, रोजगार की जानकारी, प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, घर कच्चे या पक्के मकान, धान का विक्रय, किसान पंजीयन, नरेगा जॉब कार्ड, परिवार की भूमि की जानकारी, परिवार की वार्षिक आय, सिंचाई के साधन, वाहन एवं अन्य सामग्री, परिवार के सदस्यों को कौशल प्रशिक्षण, उज्जवला गैस कनेक्शन, कृषि कार्य, स्वरोजगार, शासकीय नौकरी, निजी नौकरी, मजदूरी, बेरोजगारी इत्यादि की जानकारी संकलित किया जा रहा है। जिले के कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल सहित अपर कलेक्टर कांकेर एस. अहिरवार, अपर कलेक्टर अंतागढ़ बी.एस.उईके एवं एसडीएम के.एस. पैकरा, एसडीएम भानुप्रतापपुर प्रतीक जैन, एसडीएम कांकेर धनंजय नेताम, एसडीएम चारामा राकेष गोलछा तथा एसडीएम पखांजूर मनीष साहू द्वारा सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का औचक



निरीक्षण किया गया एवं सर्वेक्षण के संबंध में प्रगणकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, साथ ही ग्रामीणों से चर्चा कर सर्वेक्षण के संबंध में जानकारी दी गई।

# करोड़ों रुपए की ठगी का मास्टर माइंड गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 2 अप्रैल।** दुर्ग में पांच हजार से भी ज्यादा महिलाओं को मोतीमाला के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी मामले में दूसरे मास्टर माइंड को भी गिरफ्तार कर लिया गया है आरोपी संजय कुमार उर्फ आनंद पिता अशोक रावत ( 24 वर्ष ) को बिहार के पटना से दुर्ग पुलिस की टीम ने दबोचा है। इस मामले के पहले मास्टर माइंड सानू कुमार उर्फ कुमार सानू को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को पुलिस टीम दुर्ग लेकर आ रही है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि इंदिरा मार्केट स्थित फ्रेम कमल कॉम्पलेक्स में होमग्रोन कॉर्पोरेशन के नाम से एक संस्था विगत नवंबर माह से संचालित की जा रही थी। इसका संचालन सानू कुमार करता था। इनके द्वारा स्कीम चलाया जाता था, जिसमें सिक्युरिटी के तौर पर 2500 रुपए जमा कराने पर लोगों को 3 किलो मोती माला पिरोने के लिए दिया जाता था। मोतियों को माला के रूप में गूंथने पश्चात जमा करने पर प्रति व्यक्ति 3500 रुपए देने का वादा होमग्रोन के संचालक सानू कुमार द्वारा दिया गया था। करीब 9 हजार लोगों द्वारा 2500 रुपए जमा कर माला पिरोने का काम लिया गया था। 19 जनवरी की सुबह हितग्राही जब मोतियों की माला जमा करने इंदिरा



मार्केट स्थित आफिस में पहुंचे तो वह बंद मिला। इस दौरान गुस्साए लोगों ने कार्यालय का ताला तोड़कर वहां पर रखी कुर्सियां टेबल, लैपटॉप सहित अन्य सामानों को लूट लिया। वहीं कार्यालय के बाहर लगे कांच पर पत्थरबाजी करते हुए उसे तोड़ डाला। बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और गुस्साए लोगों को किसी तरह शांत किया। इसके बाद लोगों ने कोतवाली थाना पहुंचकर आवेदन दिया। करोड़ों की ठगी के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें उत्तर प्रदेश और बिहार भेजी गई थी। पहले मास्टर माइंड सानु कुमार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से तो दूसरे आरोपी संजय कुमार उर्फ आनंद को फुलवारी सरी, पटना बिहार से गिरफ्तार कर पुलिस टीम दुर्ग रवाना हो गई है।

### बोर खनन पर तहसीलदार ने की कार्रवाई

**राजिम 2 अप्रैल।** गरियाबंद जिला प्रशासन द्वारा पूरे जिलेभर में बोर खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध किए जाने के बावजूद कुछ खनन माफिया के द्वारा



नियमों को ताक में रखकर बिना परमिशन के खुलेआम बोर की खुदाई कर शासन को चैलेंज कर रहे हैं मामला छुरा ब्लॉक से है कल छुरा एसडीएम भूपेंद्र साहू के निर्देश पर तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए बोर मशीन व सपोर्ट गाड़ी को जप्त कर पांडुका थाना के सुपुर्द किया गया बता दें कि ग्राम पांडुका निवासी देवनारायण सिन्हा जो सिंचाई विभाग में जिम्मेदार कर्मचारी के रूप में पदस्थ है जिसके द्वारा नियमों को ताक में रखकर अपने खेत बारी में बोर की खुदाई करवा रहे थे जिसकी सूचना पर छुरा एसडीएम भूपेंद्र साहू के द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए गंभीरता के साथ तत्काल नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया जिस पर नायब तहसीलदार अपनी टीम के साथ पहुंचकर मशीन की जब्ती की कार्यवाही कर दोनों गाड़ी को पांडुका थाने के सुपुर्द किया गया।

# साहू समाज के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया

**राजिम 2 अप्रैल।** श्री रामनवमी के पावन अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण (नवागांव) में नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व कर्मा जयंती कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टहल राम साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहू समाज व प्रमुख अतिथि मोतीलाल साहू कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय तैलिक सभा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवनाथ साहू जिला अध्यक्ष साहू संघ ने किया। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में भेखराम साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण,लाला राम साहू अध्यक्ष राजिम भक्तिन मंदिर समिति, रतीराम साहू संरक्षक राजिम मंदिर भक्तिन समिति,ब्रह्मानंद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ अभनपुर,तुलेश साहू कार्यकारी अध्यक्ष तहसील साहू संघ अभनपुर,भोज राम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज अभनपुर,वीरेंद्र कुमार साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज खोरपा,रमेश साहू अध्यक्ष नगर साहू समाज नवापारा उपस्थित थे।।इस अवसर पर स्वजातीय बंधुओं द्वारा माता कर्मा की पूजा अर्चना के पश्चात भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसे गाँव की स्वजातीय



महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा कलश धारण कर गाँव में भ्रमण किया गया। वही 11:30 बजे रामधुनी कार्यक्रम आमदी (धमतरी) प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर तहसील साहू संघ के अध्यक्ष ब्रह्मानंद द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को शपथ दिलाया।तत्पश्चात सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को परिक्षेत्र अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू द्वारा शपथ दिलाया गया।कार्यक्रम का संचालन गैंदलाल साहू ने किया। टहल राम साहू प्रदेश अध्यक्ष साहू संघ ने कहा कि समाज मे सामाजिक दंड प्रक्रिया को कम से कम करते हुए धर्मांतरण पर रोक लगाई जावे।उन्होंने आगे कहा कि विधवा महिला की चूड़ी उतारने की प्रथा अब घर में किसी बुजुर्ग महिला के हाथों होना चाहिए एवं विधवा माता अपने संतान का मौर सौंप सकेगी। मोतीलाल साहू राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तैलिक महासभा ने कहा कि साहू समाज की सामाजिक,राजनीतिक,आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्र में एक मजबूत पकड़ है। समाज को एक नई दिशा देने के साथ साथ उन्नति की शिखर पर ले जाने के साथ साथ संस्कृति एवं संस्कार पर बल देना चाहिए। समाज में सामाजिक बंधु का सम्मान होना चाहिए। देवनाथ साहू जिलाध्यक्ष ने कहा कि एकता में बड़ी ताकत होती है।ऐसे मौके पर समाज को संगठित होकर एकजुटता पर बल देना जरूरी है।परिक्षेत्र अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू ने कहा कि समाज ने मुझे जो दायित्व एवं जिम्मेदारी दी है उन्हें सामाजिक एकजुटता एवं संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में ईमानदारी पूर्वक कार्य करूंगा।कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामीण अध्यक्षों, पूर्व पदाधिकारियों व अतिथियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर गंगूराम साहू,रमा साहू,हेमलता साहू, कृष्णा साहू,पवन साहू,पारसमणी साहू,शोभाराम साहू,चंद्रहास साहू,धनीराम साहू,इंद्रकुमार साहू,अवध राम,संतलाल साहू,दानीराम साहू,भुवन साहू प्रेमलाल साहू,परदेशी राम साहू,पूरन लाल साहू,छन्नू साहू,नत्थू साहू,चंद्रकांत साहू,लीला राम साहू,गुहाराम साहू,डोमार साहू,भागवत साहू,मतवार साहू,रामकुमार साहू,धनमती साहू,पार्वती साहू,दिनेश्वरी साहू,गीता साहू,तिलक साहू,राजेश साहू,श्यामलाल साहू,बसंत साहू,रवि साहू,विनोद साहू,हीरालाल साहू सहित सामाजिक स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### 15 बुजुर्गो को वॉकिंग स्टीक का किया वितरण




**रायगढ़, 2 अप्रैल।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रायगढ़ शहरी क्षेत्र में संचालित वृद्धा आश्रमों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों एवं अन्य स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से चिन्हित किये गये बुजुर्गो को वॉकिंग स्टीक का वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में आज 15 चिन्हित बुजुर्गो को बेहतर चलने में मदद हेतु वॉकिंग स्टीक का वितरण शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में किया गया। इस मौके पर महापौर श्रीमती जानकी काटजू, वार्ड पार्षद श्रीमती ईष कृपा, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक श्री प्रभूदत्ता बस्तिया, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.काकोली पटनायक, फिजियो थेरेपिस्ट सुश्री भावना साहू एवं शहरी स्वास्थ्य केन्द्र के अन्य स्टॉफ एवं मितानिन उपस्थित थे।

### मजबूत संगठन के आधार पर हारी हुई बाजी को पलटा जा सकता है: चोपड़ा

**महासमुंद 2 अप्रैल।** शहर के पिटियाझर वार्ड में आयोजित भाजपा के बूथ सम्मेलन में पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा के मुख्य अतिथि एवं पूर्व रा'यमंत्री पूनम चन्द्राकर की अध्यक्षता में हुआ। विशेष अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री उत्तरा प्रहरे एवं महासमुंद शहर मंडल महामंत्री विश्वनाथन एवं प्रकाश शर्मा रहे। डॉ. चोपड़ा का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक विस्तारक जितेन्द्र साहू ने बूथ सशक्तिकरण की शहर मंडल की कार्य योजना की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. विमल चोपड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मजबूत संगठन के आधार पर हारी हुई बाजी को पलटा जा सकता है। चुनावी मैदान में मजबूत बूथ एवं प्रत्येक बूथ से 51 प्रतिशत मत भाजपा को मिले, इसके लिए सशक्तिकरण जरूरी है। पन्ना प्रभारी के महत्व को विस्तार से बताते हुए डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि इसी प्रभारियों से हम 51 प्रतिशत के लक्ष्य तक पहुंच सकते है। भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा दिलाने वाले बूथ के कार्यकर्ता ही है, जो अपनी रोजी रोटी के साथ पार्टी के विस्तार में लगे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूनम चन्द्राकर ने कहा कि देश के अंतिम छोर के व्यक्ति तक उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे है। और देश में चारो ओर खुशहाली है। देश में भाजपा का श्रेय कार्यकर्ताओं को जाता है। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री उत्तरा प्रहरे ने भाजपा प्रवेश करने वाले नवीन कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए उनसे अपील की कि तन मन धन से पार्टी की सेवा में लगे। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र साहू एवं आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री विश्वनाथन ने किया। कार्यकर्ताओं में जुगल किशोर शर्मा, धनुष राम साह, नारायण साहू, लेखराम साहू, उपस्थित कार्यकर्ता रोशन ध्रुव, मुन्ना विशाल, यश कुमार साहू, मानस साहू सागर सूर्यवंशी, गोविंद सूर्यवंशी, विमल पाल, लल्लू पुरेना, संजय साहू, टीकम यादव, भेखलाल साहू, हेमंत यादव, मुकेश यादव, विक्रम ध्रुव, नरायण साहू, प्रकाश वर्मा, कोमल यादव, नोहर बघेल, सूरज कुमार, रणविर सागर ,दुर्गेश दास मानिकपुरी, मनोज सोनवानी, नन्दा नोहर सेन, लेखराम साहू, जेके शर्मा, संध्या गोस्वामी, कल्याणी यादव, राधा साहू, जागृति चक्रधारी, आरती ध्रुव, नेहा बागडे, जमुना युगर, रूखमनी साहू, पिंकी साहू, सरिता चक्रधारी, ममता साहू ने भाजपा में प्रवेश किया।

### छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक इकाई फिंगेश्वर की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**राजिम/फिंगेश्वर 2 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक इकाई फिंगेश्वर की आवश्यक बैठक पूरन लाल साहू प्रदेश संयुक्त मंत्री छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की उपस्थिति में बी.आर.सी.भवन फिंगेश्वर में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू ने संगठन की प्रांतीय गतिविधियों से अवगत कराते हुए,सत्र 2022-23 की वार्षिक सदस्यता शुल्क,पुरानी पेंशन, प्रधानपाठक पदोन्नति पर आवश्यक रूप से चर्चा किया गया। वही जिला संयोजक भुवन यदु, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम दिवाकर,ब्लाक



अध्यक्ष हुलस साहू ने ब्लाक के नव पदोन्नत प्रधानपाठक साथियों का हमारे संगठन के द्वारा सामुहिक रूप से सम्मान करने की बात कही। साथ-साथ स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी से मिलकर सर्विस बुक संधारण, स्वीकृत शिक्षक की सेटअप की जानकारी, स्थानीय समस्या एवं विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक रूप से चर्चा किया गया।आज के बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू, जिला संयोजक भुवन यदु, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम दिवाकर, ब्लाक अध्यक्ष हुलस साहू, ब्लाक सचिव किरण कुमार साहू, डगेश्वर ध्रुव, कमलेज बघेल, दिनेश्वर साहू, लुकेन्द्र श्रीवास, छगन दीवान,प्रह्लाद मेश्राम, तीजू राम रात्रे, तीरथ साहू सहित ब्लाक ईकाई फिंगेश्वर के शिक्षक उपस्थित थे।

### छोटा भाई ही निकला बड़े भाई की हत्या का आरोपी

**भिलाई 2 अप्रैल।** नंदनी थाना अंतर्गत बोडेगाँव में नग्न अवस्था में मिली डेड बॉडी की शिनाख्त कर ली गई है तो वहीं उसके बाद पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है



आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है लेकिन आखिर कौन है आरोपी यह सुनकर आप भी दंग रह जाएंगे क्योंकि छोटे भाई ने ही बड़े भाई को मौत के घाट उतार दिया. मृतक की शिनाख्त राजेंद्र जंघेल के रूप में की गई है दरअसल पूरी घटना 28 मार्च की है जब बोडे गांव के खेत में एक युवक की अर्धनग्न अवस्था में शव मिला था जिसके बाद शव को जब देखा गया तो पूरी तरह डीकंपोज हो चुका था क्योंकि सब चार से 5 दिन पुराना था इसलिए उसे पहचानने में पुलिस को तकनीकी सहायता की मदद लेनी पड़ी 28 मार्च की सुबह बोडे गांव के खेत में युवक का शव मिला ग्राम वासियों ने शव को देखते ही तत्काल पुलिस को सूचना दी सूचना मिलने पर नंदनी थाने की टीम मौके पर पहुँची शव के पास ही शराब की बोतले और अन्य नशे की अन्य सामाग्री भी मिली खेत मे खून के निशान भी थे तो वही शव के कपड़े भी उतरे हुए है मृतक की चप्पल भी अलग अलग स्थान से बरामद की गई है मौके पर डॉग स्कायड की टीम भी थी जिसमें कई तकनीकों पहलुओ पर जांच की गई इलाके के 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए जिसके बाद पुलिस को कई क्लू मिले पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ की तो पता चला कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाला राजेंद्र जंघेल जो कि शराब के साथ अन्य नशे करने का आदी है जो नशा करके पूरे मोहल्ले में उत्पात मचाया करता था वह कुछ दिनों से दिखाई नहीं दे रहा है तो वही उसका छोटा भाई भी गायब है इस सूचना को पुलिस ने गंभीरता से लिया और जांच पड़ताल शुरू की जांच करने पर सीसीटीवी कैमरे में पता चला कि दो युवक बाइक में बैठकर घटनास्थल के पास गए हैं लेकिन वापसी में एक ही युवक वापस आया युवक की फोटो के साथ शिनाख्त की गई तो पता चला युवक मृतक का भाई है उसे पकड़कर पूछताछ की गई पहले तो उसने पुलिस को गुमराह किया लेकिन बाद में उसने बताया कि उसका बड़ा भाई मृतक राजेंद्र नशे का आदी था घर में विवाद करता था और मां-बाप को भी नशे की हालत में मारा-पीटा करता था यह सब उसे बर्दाश्त नहीं होता था कई बार राजेंद्र को समझाया लेकिन समझा नहीं जिसके बाद उसने यह कदम उठा लिया फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

**एक नजर**

### सत्ता के नशे में है मोदी सरकार, विद्यार्थी और बेरोजगार युवा जल्द देंगे जवाब : शादाब



**भाटापारा, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एनएसयूआई जिला महासचिव शादाब जालियावाला ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद से सदस्यता खत्म करने के विरोध में प्रदेश के हर एक छात्र-छात्राओं और कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म करना अराजकता की पराकाष्ठा है। केंद्र की मोदी सरकार राहुल गांधी से डरी हुई है, सदस्यता खत्म करने की साजशि इसका प्रमाण है। छात्रों, युवाओं की नौकरी का हक मार कर अडानी की कंपनी में 20 हजार करोड़ रुपये शैल कंपनियों के आए हैं, तो इस पर क्या सवाल नहीं पूछेंगे दुर्भाग्य है कि सवाल पूछने पर सदन से बाहर हो जाते है। 15 लाख, व 2 करोड़ नौजवानों को हर साल नौकरी दूंगा। विदेश में मौजूद काला धन वापस लाऊंगा। ऐसे ही सब्जबाग दिखाकर वोट ठगे हैं। भाजपा द्वारा षडयंत्रपूर्वक राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को रद्द किया गया है जोकि भाजपा की तानाशाही नीतियों को दर्शाता है। यह कृत्य साफदर्शाता हैं कि विश्व की सबसे बडी लोकतंत्र प्रणाली को आघात करने का प्रयास किया जा रहा हैं। भाजपा द्वारा अगर देश में इसी तरह तानाशाही रवैया अपनाया गया तो विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रणाली भविष्य में तानाशाही के नाम से जानी जाएगी।

### सिमगा में नवीन थाना भवन का लोकार्पण



**सिमगा, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 31 मार्च को पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज आरिफएच शेख के द्वारा चौकी हद बंद का नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक आशीष अरोरा, अभिषेक सिंह, श्री अमृत कुजुर रक्षित निरीक्षक विक्रम बघेल थाना प्रभारी भाटापारा अरुण साहू थाना प्रभारी सिमगा अमित तिवारी, चौकी प्रभारी चौकी हठबंध प्रभारी जगदेव साहू और अन्य पुलिस स्टाफतथा हद बंद क्षेत्र के पत्रकार बंधु एवं आम नागरिक उपस्थित रहे

### डड़सेना समाज मं वार्षिक सम्मेलन कई मुद्दों पर चर्चा



**तिल्दा नेवरा, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार विधानसभा के ग्राम पंचायत कुथरौद में डड़सेना कलार समाज तहसील भाठापारा का वार्षिक आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा के पूर्व सांसद छाया वर्मा के ज्येष्ठ पुत्र रवि वर्मा उपस्थित हुए, उन्होंने अपने उदबोधन में कलार समाज की एकजुटता की प्रशंसा करते हुए वार्षिक आयोजन के लिए समस्त समाज शुभकामनाएं प्रेषित किये। इस कार्यक्रम में सामाजिक पदाधिकारीयो सहित भारी संख्या में सामाजिक महिला और पुरूष उपस्थित थे।

# राहुल गांधी की सांसदी समाप्त करने से कांग्रेसियों में जबरदस्त आक्रोश

## जगह-जगह होर्डिंग लगाकर केंद्र सरकार से किया सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़, 2 अप्रैल।** कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त होने के बाद देश व प्रदेश के साथ - साथ यहां क्षेत्र में भी कार्यकर्ताओ में जमकर आक्रोश देखने को मिल रहा है विधानसभा क्षेत्र 74 डोंगरगढ़ के कार्यकर्ताओं ने शहर से लेकर ग्रामीण तक जगह - जगह होल्डिग लगाकर विरोध जताया है। क्षेत्रीय विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा गोकर्ण वर्मा, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजीव गोमास्ता, ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, मुडिपार अध्यक्ष रतन यादव, घूमका अध्यक्ष कोमल साहू, शहर महिला कांगेस अध्यक्ष किरण देउढकर, ग्रामीण अध्यक्ष लता साहू, घुमका अध्यक्ष हनसा सिन्हा, मुड़ीपार अध्यक्ष आरती महोबिया, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, जिला अध्यक्ष संदीप सिंह गहरवार, शहर अध्यक्ष अमन बँसोड, ग्रामीण अध्यक्ष सोहेल अली खान सहित क्षेत्र के हजारो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने होल्डिग के माध्यम से केंद्र सरकार से सवाल करते हुए कहा कि अदानी की कंपनी में 20 हजार करोड किसके हैं, सारा देश है मोदी लूट का गवाह। पदाधिकारियों ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा तानाशाही पूर्ण निर्णय लेते हुए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता लोकसभा से समाप्त किया गया। यह भारत के लोकतंत्र पर सीधा हमला है केन्द्र की मोदी सरकार अडानी मामले से आम जनता का ध्यान भटकाने ऐसा कर रही है। देश के नागरिक मोदी सरकार की सच्चाई जान गयी है आम जनता मोदी सरकार की महंगाई से त्रस्त और परेशान है। केंद्र मैं बैठी इनकी सरकार के इशारे पर देश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ बदले की राजनीति की जा रही है उन्हें ईडी की कार्रवाई करके फंसाने की कोशिश की जा रही है जिसे कांग्रेस पार्टी हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगी।

# पुलिस ने घंटे भर में चाकूबाजी के आरोपी को पकड़ा

## मामूली बात को लेकर रखता था रंजीश, हालत नाजुक होने पर किया रायपुर रिफर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 2 अप्रैल।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में तथा अति पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा द्वारा किसी भी गंभीर मामले में तत्परता से कार्य करने हेतु निर्देश किया गया है। आज प्रार्थी तरनेस सिह पिता गुरदीप सिह उम्र 41 साल साकिन वार्ड क्रमांक 06 शंकर नगर सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. दिनांक 31.03.2023 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि सतनाम सिंग के मकान व दुकान तरफआरोपी मार्शल फिलीप हमेशा आना जाना करता था जिसे सतनाम सिंग ने बार बार इधर क्यों आते कहकर पूर्व में मना किया था एवं मना करने पर रजिस रखा था कि आज दिनांक 31/03/2023 के सुबह करीबन 06.30 बजे सतनाम सिंग जय स्तंभ चैक सिमगा तरफघुमने गया था तभी जय स्तंभ चैक में मार्शल फिलीप ने सतनाम सिंग को देखकर रंजिस गुस्सा से उत्तेजित होकर अपने हाथ में रखे चाकू से हत्या करने की नियत से सतनाम सिंग को 07-08 बार चाकू से मारा है। जिससे सतनाम सिंग के सिर, गला के नीचे पीठ, दाहिने पसली के पास एवं कुल्हे में 03-04 जगह, जाघ मे चोटे आई है चुन निकला है तत्काल उसे इलाज हेतू सरकारी अस्पताल सिमगा ले गये जिसे इलाज हेतू डाक्टर द्वारा रायपुर रिफर किया गया है की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 137/2023 धारा 307 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। थाना सिमगा प्राभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी द्वारा प्रकरण के गंभीरता के देखते हुए आरोपी के घर में दबिश दिया गया आरोपी फरार होने की फिराक में था जिसे पुलिस द्वारा तरंत दर दबोचा गया। आरोपी मार्शल नीरज फिलीप पिता नीरज एडिशन फिलीप उम्र 20 साल साकिन वार्ड क्रमांक 11 सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया है। आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकु एवं खुन सना कपडा जप्त किया गया है। आरोपी मार्शल नीरज फिलीप पिता नीरज एडिशन फिलीप उम्र 20 साल साकिन वार्ड क्रमांक 11 सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को दिनांक 31.03.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में सउनि विष्णु नारायण सिह, मनोहर सिह राजपुत, प्रआर चन्द्रभान पाण्डेय राम नारायण वर्मा, आरक्षक अरविंद कौसिक, विजय टोप्पो का विशेष योगदान रहा है।

### लैंगिक उत्पीड़न के निराकरण के लिए स्थानीय शिकायत समिति गठित

**बलौदाबाजार, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिले में स्थानीय शिकायत समिति का गठन किया गया है जिनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। समिति में अर्चना ठाकुर अध्यक्ष, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सदस्य सचिव, डिगेश्वरी नामदेव सदस्य, श्री गणेश शंकर साहू सदस्य तथा श्रद्धा दुबे सदस्य उल्लेखनीय है कि कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के प्राप्त शिकायतो के त्वरित निराकरण हेतु स्थानीय शिकायत समिति का गठन किया जाता है तथा प्रत्येक शासकीय/अशासकीय कार्यालय जहां 10 या 10 से अधिक अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत होते है उन कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति के गठन करने का निर्देश है। स्थानीय शिकायत समिति के गठन पश्चात लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणो का त्वरित निराकरण किया जायेगा।

### बजरंग होटल में मिली गंदगी, लगाया गया 2 हजार रुपये का जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 2 अप्रैल।** राजस्व, खाद्य एवं नगर पालिका की सँयुक्त टीम ने बलौदाबाजार स्थित बजरंग रेस्टोरेंट में दबिश दी। इस दौरान वहां बड़ी मात्रा में गंदगी मिली। जिस पर नगरपालिका ने 2 हजार रुपये का जुर्माना लगाकर चलानी कार्रवाई की गई है। साथ ही उन्हें साफ सफाई के लिए समझाईश दी गयी है। उक्त कार्रवाई एसडीएम बलौदाबाजार रोमा श्रीवास्तव, तहसीलदार बलराम तम्बोली सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।



# सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण शुरू गांव-गांव में पहुँच रही है टीम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 2 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले दिन आज 1 अप्रैल से छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसी कड़ी में कलेक्टर रजत बंसल के दिशानिर्देश में जिले के सभी विकास खंड के गांव गांव जाकर सर्वेक्षण टीम जाकर सर्वे कार्य कर रही है। इसके साथ ही पूरे जिले में सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने सर्वेक्षण में शामिल होकर प्रशासन का उत्साह बढ़ाया साथ ही अधिकारियों ने सर्वेक्षण का जायजा लेने गांव गांव पहुँचकर टीमों का जायजा ले रहे है।कलेक्टर बंसल ने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए वार्ड पंचों की जिम्मेदारी, मकानों का नंबरिंग, सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए है। एसडीएम के निर्देशन में विकासखंडो में किया जा रहा सर्वेः जिले के सभी पाँच विकासखंड में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। एसडीएम, जनपद सीईओ और तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी सर्वे कार्य का निरीक्षण और मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

**समाचार संक्षेप**

### राहुल गांधी की सांसदी खत्म करने की हम निंदा करते हैं:सतीश अग्रवाल



**भाटापारा, 2 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सतीश अग्रवाल (सदस्य भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल छ. ग. शासन) के द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से मोदी राज में आम जनता के आवाज उठाने भ्रष्टाचार के खिलाफआवाज उठाने वाली पूर्व रास्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गाँधी संसदीय सदस्यता समाप्त करने का यह हम पुरे घटना क्रम का घोर निंदा किया है। उन्होंने घटनाक्रम के संबंध मे बताया राहुल गांधी के ऊपर यह सारी कार्यवाही क्यों की गयी इसका एक मात्र कारण है राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री की दुखती रग पर हाथ रख दिया। उन्होंने मोदी के निकट सहयोगी अडानी के घोटालेबाजी और अडानी मोदी के गठबंधन पर आवाज उठाया। उन्होंने दो सवाल पूछे थे। क्या अडानी की सल कंपनियों में 20, 000 करोड़ या 3 बिलियन डॉलर हैं अडानी इस पैसे को खुद कमा नहीं सकता क्योंकि वो इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस में हैं। यह पैसा कहां से आया किसका काला धन है। ये किसकी शेल कंपनियां हैं ये कंपनियां डिफेंस फील्ड में काम कर रही हैं। यह कोई नहीं जानता यह किसका पैसा है इसमें एक चीनी नागरिक शामिल है। कोई यह सवाल क्यों नहीं पूछ रहा है कि यह चीनी नागरिक कौन है प्रधानमंत्री मोदी का अडानी से क्या रिश्ता है उन्होंने अडानी के विमान में आराम करते हुए पीएम मोदी की तस्वीर दिखाई। उन्होंने रक्षा उद्योग के बारे में, हवाई अड्डों के बारे में, श्रीलंका में दिए गए बयानों के बारे में, बांग्लादेश में दिए गए बयानों के बारे में, ऑस्ट्रेलिया में स्टेट बैंक (भारत के) के चेयरमैन के साथ बैठे नरेंद्र मोदी और अडानी की तस्वीरें, जिन्होंने कथित तौर पर 1 बिलियन का ऋण स्वीकृत किया था, 'जिनके बारे में दस्तावेज दिए। वह भी सबूत के साथ सवालों का दूसरा सेट था।

### अम्बेडकर चौक से गायब बाइक को पुलिस ने किया बरामद



**बलौदाबाजार, अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार शहर के अम्बेडकर चौक में बोधराम निषाद द्वारा 29 मार्च को अपने मोटर सायकल एचएफडिलक्स क्रमांक सीजी-22-एच-0732 को खडी कर सामान लेने पास के दुकान गया था सामान लेकर वापस आया तो मोटर सायकल नही था जिसका पता तलाश करने बाद नही मिलने पर दिनाक 30.03.2023 को थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में रिपोर्ट दर्ज कराने आया था। उक्त मोटर सायकल का पता तलाश हेतु वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशानुसार सिटी सर्विलांस सिस्टम के तहत लगे अंबेडक चौक स्थित सीसीटीवी कैमरा का फुटेज चेक किया गया। जिसमें एक व्यक्ति द्वारा मोटर सायकल को अन्य वाहन के आ जाने से वहां से हटाकर दुकान के पास कोने में खडा कर देने से दिखाई नही दे रहा था। उक्त मोटर सायकल को अंबेडकर चौक से लाकर वाहन स्वामी को सुपुर्दनामा में दिया गया।

### जिपं सीईओ ने किया गौठान सहित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का निरीक्षण



**बलौदाबाजार, अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा ने आज सिमगा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम चण्डी में स्थित गौठान एवं सुहेला में स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होनें गौठान में गौधन न्याय योजना के क्रियान्वयन, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन एवं आजीविका संबंधित गतिविधियों को तेजी लाने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होनें पंचायत भवन में पहुंचकर सचिवों, सरपंचों, एनआरएलएम से जुड़े महिला समूह के सदस्यों के साथ बैठकर आजीविका संबंधित गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इसके अतिरिक्त बैठक में गोधन न्याय योजना, पैरादान, मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन के सम्बंध में विस्तृत समीक्षा की है। उन्होनें गांवो में गौधन के तहत गोबर खरीदी, मनरेगा के तहत गांवों में रोजगार मूलक कार्य करने सभी सरपंचों को अपूर्ण निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत हरिशंकर चौहान, एपीओ मनरेगा के.के साहू, एसबीएम ज़िला समन्वयक मुरलीकांत यदु, सीईओ सिमगा अमित दुब, सुरेश कंवर, सहित अन्य समस्त अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### दो साल पुराने पंजीयन वाले शिक्षित बेरोजगार ही भत्ते के लिए पात्र

# इत्मीनान से भरें आवेदन, दफ्तर में भीड़ न बढ़ाएं:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 2 अप्रैल।** बेरोजगारी भत्ते की घोषणा के बाद रोजगार एवं अन्य कार्यालयों में अचानक भीड़ से प्रशासन चिंतित है।कलेक्टर रजत बंसल ने कहा है रोजगार कार्यालय में दो वर्ष पहले पंजीकृत युवाओं को ही भत्ते की पात्रता है। उन्हें नया पंजीयन कराने या कार्ड के नवीनीकरण की अभी जरूरत नहीं है। बेरोजगारी भत्ते के आवेदन के लिए कोई अंतिम तिथि नहीं है, इसलिए हड़बड़ी न करें आवेदन का पोर्टल लगातार खुला रहेगा और ऑनलाइन आवेदन कभी किया जा सकता है। कलेक्टर ने 1 अप्रैल से भत्ता के लिए आवेदन पोर्टल खोलने व तैयारी के लिए अफसरों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र में आवेदक के बैंक खाते की जानकारी ली जा रही है, जिसका सत्यापन बैंक मेनेजर से कराने के बाद बेरोज़गारी भत्ते की राशि आवेदक के बैंक खाते में प्रतिमाह सीधे भेजी जायेगी। आवेदक कृपया ध्यान रखकर अपने बैंक खाते की सही जानकारी भरें, जिससे उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिलने में कोई कठिनाई न हो। आवेदक को अपने ही बैक खाते की जानकारी भरनी है, किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते की नहीं, अन्यथा बैंक मेनेजर सत्यापन के समय बैंक खाते को गलत बतायेगा और बेरोज़गारी भत्ते की राशि उस खाते में अंतरित नही होगी।

**घर बैठें करें पंजीयन**

कलेक्टर बंसल ने कहा कि पंजीयन पंजीयन पोर्टल पर घर बैठे हो सकेगा। पोर्टल का यूआरएल http://berojgaribhatta.cg.nic.in/PrintEmplCard.asp& है। 3 वर्ष पुराने पंजीयन का नवीनीकरण अंतिम तारीख बीतने के 2 माह के भीतर हो सकेगा इसलिए जल्दीबाजी न करें। चॉइस सेंटरों पर भी आवेदन हो सकेंगे। फार्म भरने के पूर्व वे एक वर्ष के भीतर का आय प्रमाणपत्र, मूल निवासी प्रमाणपत्र, कक्षा 10 वीं की मार्कशीट जिसमें जन्मतिथि लिखी हो। कक्षा 12 वीं की मार्कशीट, आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड को आवेदन फार्म में अपलोड करना होगा।

**आवेदकों को भौतिक सत्यापन के लिए समय देकर बुलाया जाएगा**

कलेक्टर बंसल ने बताया कि आवेदन के बाद सभी आवेदकों को दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के लिए पहले से समय देकर बुलाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 3-5 पंचायतों व नगरीय क्षेत्रों में 3-4 वार्डो के समूह के क्लस्टर बनाए जाएंगे। दस्तावेजों का सत्यापन इन क्लस्टरों में होगा, जिससे किसी भी आवेदक को दस्तावेज सत्यापन के लिए अपने घर से दूर न जाना पड़े। सत्यापन स्थल पर आवेदकों के बैठने आदि की अच्छी व्यवस्था होगी। सत्यापन के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों की टीमें उपलब्ध रहेंगी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू- परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला-राजनादगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.............................

अ/20( 3 ) वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक हरदीप सिंग भाटिया आ. सरदार गुरूबीर सिंग भाटिया जाति सिक्ख निवासी बुधवारी पारा वार्ड नंबर 14 डोंगरगढ़ तहसील डोगरगढ जिला राजनांदगांव द्वारा नजूल शहर डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव स्थित शीट क्रमांक 06 भूखण्ड क्रमांक 1828/1 में से 820 वर्गफीट पर मकान बनाकर विगत 30 वर्षों से काबिज है। अतः शासकीय भूमि को भूमि स्वामी अधिकार में प्राप्त करने हेतु निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 17/04/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा, उजर या आपत्ति न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भः- जिला-राजनांदगांव तहसील-डोंगरगढ़ प.ह.न. -00012 पलान्दुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-.RD202223420405700001

**ईश्तहार**

तहसील डोंगरगढ़ के प.ह.न. 00012 के अंतर्गत ग्राम पलान्दुर के वर्तमान भूमिस्वामी हुकुमचंद, संतोष, बाबूलाल, पिता/पति रामेश्वर पता-बेलगांव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 875(0.8090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अंकित अग्रवाल पिता/पति-बाबूलाल अग्रवाल पता-निवासी रायपुर, संतोष अग्रवल पिता/पति-रामेश्वर अग्रवाल पता- निवासी ग्राम बेलगांव, तहसील डोंगरगढ़, स्वाती अग्रवाल पिता/पति स्व. बाबूलाल अग्रवाल पता- निवासी रायपुर, राहुल अग्रवाल पिता/पति स्व. बाबूलाल अग्रवाल पता निवासी रायपुर. हुकुमचंद अग्रवाल पिता/पति रामेश्वर अग्रवाल पता- निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, सुमित्रा अग्रवाल पिता/पति स्व. बाबूलाल अग्रवाल पता- निवासी रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24/04/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/04/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार डोंगरगढ़,जिला-राजनांदगांव ( छ.ग. )

**न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं..ई.पंजी./202302082200065 /अ-6/वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सरदार अमरजीत सिंह छाबड़ा पिता स्व. सरदार सतपाल सिंह छाबड़ा साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-17 भू-खण्ड क्रं.- 98/2 क्षेत्रफल 30.00 व.मी. सतपाल सिंह पिता करतार सिंह के नाम पर दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के धारक सतपाल सिंह की मृत्यु दिनांक 07.06.2015 को हो जाने के कारण उनके वैध वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 21/4/23 को नियत की गई है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 21/4/23 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 21/3/23 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांकः-21/3/2023**
**पेशी दिनांकः-21/4/2023**

मुहर

नजूल अधिकारी, कबीरधाम

छत्तीसगढ़ शासन

# नई सुविधाएं नए प्रबंधन
# बेहतर हुआ शहरी जीवन

**185**
स्वामी आत्मानंद
उत्कृष्ट स्कूलों में सभी वर्ग के
लगभग 2 लाख बच्चों को शिक्षा

**18 लाख से ज्यादा**
लाइसेंस व परिवहन सम्बंधित दस्तावेजों की
डाक द्वारा घर पर डिलीवरी

**45 लाख**
लोगों को महंगी दवाइयों पर मिली
82 करोड़ रु की राहत




**400 यूनिट तक**
बिजली बिल हाफ

**40 लाख**
लोगों का मोबाइल क्लीनिकों
से हुआ मुफ्त इलाज

**2.5 लाख**
**से अधिक**
नए नल कनेक्शन

**1 लाख**
आवासों का निर्माण
मोर जमीन मोर मकान
के अंतर्गत


**30% की कमी**
रजिस्ट्री गाइडलाइन दरों में

**5,000 वर्ग फीट**
तक के मकान निर्माण
की सीधी अनुमति

**65,000**
लोगों के घर पर पहुंचे शासकीय दस्तावेज
टोल फ्री नं.14545 पर करें कॉल

**नियमितीकरण**
आवासीय व गैर आवासीय भवनों का

**छोटे भू-खण्डों**
पर रजिस्ट्री फिर प्रारंभ




Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23